
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

द ट्रेटर्स शो को शूट कर रहे है........



25 वर्षों में की कई सफल फिल्में.......


वर्ष : 10 | अंक : 278 | लखनऊ, 19 सितम्बर, गुरूवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों का गैंग बन चुकी है सपा: सीएम योगी

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ/गाजियाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों का गैंग बन चुकी है। पिछले कुछ दिनों में बेटियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले जितने भी दरिंदे पकड़े गए हैं, उन सबके संबंध समाजवादी पार्टी से हैं। उन्होंने कहा कि अपने संस्कार के अनुरूप सपा के नेता भारत की धर्म और संस्कृति के प्रतीक धमार्चार्यों को माफिया बोल रहे हैं। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस चुकी है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा भस्मासुर हैं, जब भी जनता ने इन्हें शक्ति प्रदान की इन्होंने उसी शक्ति का दुरुपयोग जनता की आस्था पर प्रहार करने के लिए किया।

सीएम योगी बुधवार को गाजियाबाद के रामलीला ग्राउंड घंटाघर में आयोजित वृहद रोजगार मेला के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने 10,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 632 लाभार्थियों को ?327 करोड़ से अधिक का ऋण एवं 6,000 से अधिक युवाओं को टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में आयोजित हो रहे रोजगार मेला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार को एक नई ऊंचाई प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता को आज भी 2017 के पहले की सरकारों की कारगुजारियां याद आती हैं।

सीएम योगी ने कहा कि माफिया और दंगाई विपक्षियों की कमाई का जरिया थे, जब किसी की कमाई पर हमला होता है तो उसका गैंग लीडर उग्र हो जाता है। फिर वह सामान्य शिष्टाचार को भूलकर अनर्गल प्रलाप करने लगता है। माफिया और दंगाई के गायब होने से आज उनके आका परेशान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस जाति के नाम पर वर्ग संघर्ष कराकर दंगाइयों को लूटपाट करने की छूट देंगे। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार समाजवादी पार्टी के इस मॉडल को ध्वस्त करने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले



तीन वर्ष उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है। तीन वर्ष में उत्तर प्रदेश को देश में नंबर एक की अर्थव्यवस्था बनाना है।

सीएम योगी ने कहा कि 2014 के पहले केंद्र की कांग्रेस सरकार हिंदुओं को दबाने के लिए कानून बना रही थी। रामसेतु को तोड़ने की योजना पर कार्य कर रही थी। अयोध्या में राम मंदिर बनने के मार्ग में बाधक बन रही थी। कश्मीर में उग्रवाद को पनपा रही थी। देश की सुरक्षा में सेंध लगा रही थी। वहीं 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में सपा भी कांग्रेस के नक्शेकदम पर चल रही थी। गुंडागर्दी और अराजकता चरम पर थी। हर दूसरे दिन प्रदेश में कहीं न कहीं दंगे होते थे। उन्होंने कहा कि दुर्दांत अपराधी, वन माफिया, पशु माफिया और भू-माफिया के सामने सपा के नेता घुटने टेककर नाक रगड़ते थे।

सीएम योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें प्रदेश के युवाओं का शोषण करती थीं। उनके कार्यकाल में किसान आत्महत्या के लिए मजबूर थे और व्यापारियों को पलायन करना पड़ता था। सपा के कारण ही कैराना और कांधला से हिंदू व्यापारियों को पलायन करना पड़ा था। बेटी की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी। उन्होंने कहा कि आज नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में बेटी भी सुरक्षित है और व्यापारी का सम्मान होता है। युवाओं के लिए रोजगार है तो किसान भी आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि अगर किसी ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया तो उसके भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ करेगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई युवाओं के सपने में रोड़ा बनने का कार्य करेगा तो सरकार उस रोड़े को जड़ से उखड़कर फेंक देगी और उसकी संपत्ति को जब्त कर गरीबों में बांट देगी।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व भारत दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार साढ़े सात साल में साढ़े छह लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है। उत्तर प्रदेश के इतिहास में पहली बार 40 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे लगभग प्रदेश के डेढ़ करोड़ युवाओं को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत डबल इंजन सरकार अगले कुछ वर्षों के अंदर 10 लाख युवाओं को पहले पांच लाख और दूसरे चरण में 10 लाख रुपए का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराने जा रही है।

## शायरी के माध्यम से भी कांग्रेस और सपा पर किया हमला

सीएम योगी ने अपने संबोधन में शायरी के माध्यम से भी कांग्रेस और सपा पर हमला किया। उन्होंने कहा कि- नजर नहीं है नजारों की बात करते हैं, जमीं पे चांद-सितारों की बात करते हैं। वो हाथ जोड़कर बस्ती को लूटने वाले, भरी सभा में सुधारों की बात करते हैं...। सीएम योगी ने आगे कहा कि कांग्रेस और सपा ने उत्तर प्रदेश को सिर्फ लूटा है। आज दो लड़कों की जोड़ी प्रदेश को गुमराह करने के लिए आई है। अपने परिवार के सिवाय इन्होंने किसी का कभी हित नहीं किया है।

## साढ़े सात वर्ष में बदली गाजियाबाद की तस्वीर

सीएम योगी ने कहा कि साढ़े सात वर्ष पहले गाजियाबाद में गंदगी का अंबार था, अराजकता थी, माफिया की समानांतर सरकार चलती थी, गुंडा टैक्स वसूला जाता था। वहीं डबल इंजन सरकार में आज गाजियाबाद स्मार्ट सिटी बन चुका है। आज यहां 12 लेन का हाइवे है। देश की पहली रैपिड रेल और मेट्रो है, जल्द ही एम्स दिल्ली का सेटेलाइट सेंटर यहां शुरू करने जा रहे हैं। आज गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का पोटेंशियल बनता जा रहा है, जहां निवेश, रोजगार और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर सब कुछ है। गाजियाबाद दुग्धेश्वर महादेव का सुंदरीकरण किया गया है। कार्यक्रम में सीएम योगी के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री सुनील कुमार शर्मा, व्यावसायिक शिक्षा के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह, सांसद अतुल गर्ग, पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, महापौर सुनीता दयाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### मौसम

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,332.72

निफटी 24,834.85

## बुलडोजर ध्वस्तीकरण पर केंद्र पूरे देश के लिए एक समान दिशा-निर्देश बनाए : मायावती

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को ध्वस्तीकरण के लिए बुलडोजर के इस्तेमाल की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस पर केंद्र को आगे आकर पूरे देश के लिए एक-समान दिशा निर्देश बनाने चाहिए। बसपा अध्यक्ष ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बुलडोजर विध्वंस कानून के राज का प्रतीक नहीं होने के बावजूद इसके प्रयोग की बढ़ती प्रवृति चिन्तनीय है। वैसे बुलडोजर व अन्य किसी मामले में जब आम जनता सहमत नहीं होती है



तो फिर केंद्र को आगे आकर उस पर पूरे देश के लिए एक-समान दिशा निर्देश चाहिए, जो नहीं बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, अन्यथा बुलडोजर कार्रवाई के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय को इसमें दखल देकर केंद्र सरकार की जिम्मेदारी को खुद नहीं निभाना पड़ता, जो कि जरूरी था। केंद्र व राज्य सरकारें संविधान व कानूनी राज के अमल होने पर जरूर ध्यान दें।

# एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

## समिति की सिफारिशें मंजूर, लोकतंत्र में सहभागिता बढ़ेगी : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की दिशा में एक कदम उठाते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसको लेकर पीएम मोदी ने ट्वीट किया है। अपने पोस्ट में मोदी ने लिखा कि कैबिनेट ने एक साथ चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। मैं इस प्रयास का नेतृत्व करने और हितधारकों की एक विस्तृत श्रृंखला से परामर्श करने के लिए हमारे पूर्व



राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद जी को बधाई देता हूं।

प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि यह हमारे लोकतंत्र को और भी अधिक जीवंत और सहभागी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत परिवर्तनकारी सुधारों का गवाह बन रहा है। आज, इस दिशा में, केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार करने के साथ, भारत ऐतिहासिक चुनाव सुधारों की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह स्वच्छ और वित्तीय रूप से कुशल चुनावों के माध्यम से हमारे लोकतंत्र को मजबूत करने और संसाधनों के अधिक उत्पादक आवंटन के माध्यम से आर्थिक विकास में तेजी लाने की मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति को दशार्ता है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज मैं बहुत खुश हूँ। केंद्रीय कैबिनेट ने आज देशहित में एक बड़ा फैसला लिया है. मैं सभी राजनीतिक दलों से अपील करता हूं कि वे इसमें राजनीति न करें और राष्ट्रहित को राजनीति से ऊपर रखें।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पहल पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। नड्डा ने आगे लिखा कि राज्यों में अलग-अलग समय पर चुनाव कराने की मौजूदा प्रणाली विकास प्रयासों में बाधा डालती है और राष्ट्रीय खजाने पर बोझ डालती है।

### संक्षिप्त समाचार

## भारत, अमेरिका ने प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की प्रगति की समीक्षा की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत और अमेरिका ने रक्षा, प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा तथा समुद्री क्षेत्र जागरूकता सहित विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक सहयोग की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों पक्षों ने सोमवार को दिल्ली में आयोजित टू प्लस टू अंतर-सत्रीय बैठक में यह समीक्षा की। विदेश मंत्रालय ने बताया, दोनों पक्षों ने रणनीतिक सहयोग, रक्षा, प्रौद्योगिकी सहयोग, अंतरिक्ष सहयोग, लचीली आपूर्ति श्रृंखला, स्वच्छ ऊर्जा समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और लोगों के बीच संबंधों सहित द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति तथा विकास की समीक्षा की।

## आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से 26.82 करोड़ रुपये की शराब, मादक पदार्थ जब्त

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

हरियाणा, हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए 16 अगस्त को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से कानून प्रवर्तक एजेंसियों ने 26.82 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ, शराब और नकदी जब्त की। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का सख्ती से पालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को किसी भी तरह के प्रलोभन से प्रभावित होने से रोकने के लिए आयोग सख्त रुख अपना रहा है और विभिन्न एजेंसियां राज्य में अवैध शराब, नशीले पदार्थों और नकदी की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।

# राहुल गांधी पर टिप्पणी से भड़के कांग्रेसी

## सड़कों पर उतरकर किया प्रदर्शन, कानून-व्यवस्था पर भी घेरा

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भाजपा नेताओं की अभद्र टिप्पणियों को लेकर कांग्रेसी सड़कों पर उतरे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। लखनऊ में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया और प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर भी सरकार को घेरा। इस मौके पर अजय राय ने



पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

बता दें कि केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू सहित भाजपा के कई नेताओं ने राहुल गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी की है। केंद्रीय मंत्री बिट्टू ने राहुल गांधी को आतंकवादी नंबर वन बताया था। जिसके बाद से कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता नाराज हैं और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़, पूर्व विधायक तरविंद्र सिंह को बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी नेता लोकतंत्र की मयार्दा भूल गए हैं। सांसद राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़, पूर्व विधायक तरविंद्र सिंह ने अभद्र टिप्पणी की जो गलत है। वह देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी के नेता और जनप्रतिनिधि हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता भ्रष्टाचार में डूबे हैं और विपक्षी नेताओं के खिलाफ गलत बयानबाजी कर रहे हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## अरविंद केजरीवाल एक सप्ताह में अपना सरकारी आवास खाली कर देंगे: आप

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बुधवार को बताया कि दिल्ली के निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक सप्ताह के अंदर अपना सरकारी आवास खाली कर देंगे। सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री के तौर पर मिलने वाली सभी सुविधाएं भी लौटा देंगे। केजरीवाल आप विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए उपराज्यपाल सचिवालय गए थे। संजय सिंह ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने कल इस्तीफा देने के बाद कहा था कि वह मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें मिलने वाली सुरक्षा सहित सभी सुविधाएं लौटा देंगे और लोगों के बीच एक आम आदमी की तरह रहेंगे। हमने उन्हें समझाने की कोशिश की कि पहले भी कई बार उन पर हमला करने की कोशिशें की जा चुकी हैं, लेकिन वह नहीं माने। उन्होंने कहा, वह छह महीने जेल में रहे हैं, भगवान ने उन्हें तब भी बचाया था और भगवान उन्हें अब भी बचाएंगे। आप नेता ने कहा कि अभी यह तय नहीं हुआ है कि केजरीवाल कहां रहेंगे।

## बंगाल के कई इलाकों में भारी बारिश, डीवीसी से पानी छोड़े जाने के कारण बाढ़ का खतरा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता, पश्चिम बंगाल और झारखंड में भारी बारिश के बाद बांधों से पानी छोड़े जाने के बाद पश्चिम बंगाल के हावड़ा, हुगली, बीरभूम, पश्चिम मिदनापुर, पूर्वी मिदनापुर, झारग्राम, बांकुरा, पुरुलिया, पश्चिम बर्दवान और पूर्वी बर्दवान जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सलाहकार अलपन बंद्योपाध्याय ने कहा कि भारी बारिश हुई है और डीवीसी दामोदर नदी पर पंचेत बांध और बराकर नदी पर मैथन बांध से पानी छोड़ रहा है। पश्चिम बंगाल के गंगा तट पर बने गहरे दबाव के कारण सप्ताहांत और सोमवार को दक्षिण बंगाल में भारी बारिश हुई। मौसम प्रणाली सोमवार को झारखंड की ओर बढ़ गई।

हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण कुल 54 सड़कों पर आवाजाही बंद है



और बिजली आपूर्ति बाधित है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) ने यह जानकारी दी। स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को राज्य के छह जिलों के अलग-अलग इलाकों में आंधी और आकाशीय बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार शाम से राज्य में मौसम काफी हद तक शुष्क रहा हालांकि बैजनाथ और डलहौजी जैसे कुछ स्थानों को छोड़कर, जहां क्रमशः चार मिलीमीटर (मिमी) और एक मिमी बारिश हुई।

उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश से जुड़ी घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी और राज्य के 24 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 घंटों (रविवार शाम छह बजे से सोमवार शाम छह बजे तक) के दौरान फतेहपुर और रायबरेली में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, गंगा नदी कछला ब्रिज (बदायूं), गाजीपुर, बलिया व फतेहगढ़ में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है जबकि घाघरा नदी का जलस्तर एल्गिन ब्रिज (बाराबंकी), (तुतीर्पार), बलिया और अयोध्या में खतरे के निशान को पार कर गया है।

## भारत जमीन मात्र नहीं, भारत में सनातन है : मोहन भागवत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि भारत जमीन मात्र नहीं बल्कि भारत में सनातन है। भागवत अपने अलवर दौरे के आखिरी दिन बावड़ी स्थित बालनाथ आश्रम में जारी श्री महामृत्युंजय महायज्ञ में शामिल हुए तथा देश में सुख शांति, सुरक्षा एवं प्रगति के लिए पूजन किया। संघ द्वारा जारी बयान के अनुसार, इस अवसर पर सरसंघचालक ने वर्तमान परिस्थितियों में देश पर आने वाले संकटों का जिक्र करते हुए कहा कि संकटों की यह ताकत नहीं है कि वह भारत को मिटा सके, भारत जमीन मात्र नहीं भारत में सनातन है, भारत के साथ सनातन धर्म है, सनातन धर्म के साथ भारत है। उन्होंने कहा, समाज के गरीबों और पिछड़ों की उनकी उन्नति के लिए हमें अपने प्रयास करने चाहिए।

## अखिलेश यादव से मिली अयोध्या की दुष्कर्म पीड़िता

### पुलिस बना रही दबाव; फिर सपा प्रमुख भाजपा पर बरसे



संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अयोध्या में हुए सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता ने बुधवार को लखनऊ आकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से पार्टी मुख्यालय में मुलाकात की। पूर्व विधायक पवन पांडेय और महिला नेता लीलावती कुशवाहा के साथ आयी पीड़िता ने सपा प्रमुख को पूरी घटना बताते हुए आरोप लगाया कि पुलिस केस वापस लेने का दबाव बना रही है। अखिलेश यादव ने पीड़िता को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। सपा की ओर से कहा गया कि राम मंदिर में काम करने वाली पीड़िता से सत्ता संरक्षित अपराधियों ने दुष्कर्म किया है। मुख्यमंत्री अपराधियों को संरक्षण देना बंद करे और उनके विरुद्ध कार्रवाई करें।

### सपा प्रमुख ने भाजपा पर साधा निशाना

पीड़िता से मुलाकात करने के बाद सपा प्रमुख ने पार्टी मुख्यालय में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में बच्चियों के साथ दुष्कर्म और पीड़ित परिवारों के साथ अन्याय हो रहा है। प्रदेश में लगातार दुष्कर्म जैसी शर्मनाक घटनाएं हो रही हैं। पूरे देश और दुनिया में उत्तर प्रदेश की बदनामी हो रही है। हिरासत में मौतों के मामलों में भी उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। उन्होंने फिर आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पीडीए को उत्पीड़न का शिकार बना रही है। किसान, नौजवान और पिछड़े, दलितों की खुशहाली भाजपा को सत्ता से बेदखल करके समाजवादी सरकार बनाने पर ही आएगी। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को समाजवादी पार्टी ने जो सबक सिखाया, उससे उसकी बौखलाहट बढ़ गई है। उन्होंने जातीय जनगणना की मांग दोहराई जिससे सभी जातियों की उनकी संख्या के आधार पर समानुपातिक हिस्सेदारी मिल सके।

## संक्षेप

### शादी का झांसा देकर आरओ टेक्निशियन ने युवती का किया यौन शोषण, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। एक गांव की रहने वाली युवती को प्रेम जाल में फसाने के बाद शादी का झांसा देकर आरओ टेक्निशियन ने चार साल यौन शोषण किया। युवती ने शादी का दबाव बनाया तो टेक्निशयन ने शादी से इंकार कर दिया ।जिसके बाद युवती ने अपनी मां के साथ निगोहां थाने पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर आरोपी पर कार्यवाही की मांग की ।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस आरोपी आरओ टेक्निशियन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश मे जुट गयी है ।थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया पीड़ित युवती की तहरीर पर आरोपी युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

### फुटपाथ पर मरणासन हालत में पड़ा मिला युवक, चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बुधवार को एक अज्ञात युवक सड़क किनारे फुटपाथ पर मरणासन हालत में पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह करीब 6 बजे सरोजनीनगर में कानपुर रोड स्थित अमौसी मेट्रो स्टेशन के नीचे फुटपाथ पर मरणासन पड़े युवक की उम्र करीब 28 वर्ष बताई जा रही है। मृतक सफेद व लाल कलर की धारीदार शर्ट और काले रंग की जींस पैंट पहने था। अमौसी मेट्रो स्टेशन के गार्ड की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लोगों को बुलाकर उसकी पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। वहीं उसकी मौत का कारण पता नहीं चल सका है। सरोजनीनगर थाना प्रभारी राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान कराने के लिए उसका शव लोकबंधु अस्पताल स्थित मर्चरी में रखवा दिया गया है।

# फर्जी बौद्ध धर्म का प्रमाण पत्र लगाने वाले आठ एमबीबीएस छात्रों के प्रवेश रद्द, मेरठ के एक कॉलेज में हुआ था दाखिला

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बौद्ध धर्म का फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाले आठ छात्रों के दाखिला निरस्त कर दिया गया है। मेरठ के सुभारती मेडिकल कालेज में इन छात्रों ने प्रवेश लिया था। यह निजी मेडिकल कालेज बौद्ध अल्पसंख्यक संस्थान है। प्रवेश के लिए बनाए गए नोडल सेंटर से इस मेडिकल कालेज में फर्जी बौद्ध प्रमाण पत्र लगाकर कुल 17 छात्रों ने प्रवेश लिया था। मामला पकड़े जाने के बाद बाकी नौ छात्रों ने एमबीबीएस में एडमिशन नहीं लिया और आवंटित सीट छोड़ दी। अब यह सीटें द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में जोड़ दी जाएंगी।

महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह के मुताबिक यूपी-नीट यूजी-2024 की प्रथम चरण की काउंसिलिंग में शिकायत मिली कि फर्जी बौद्ध धर्म का प्रमाण पत्र लगाकर मेरठ के सुभारती मेडिकल कालेज में छात्रों ने प्रवेश लिया है। मामले की जांच कराई गई तो मामला सही निकला। इन छात्रों का बौद्ध धर्म का प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के नियमों के विपरीत है। राजकीय मेडिकल कालेज, मेरठ जो कि एमबीबीएस प्रवेश के लिए नोडल सेंटर बनाया गया है, उसकी सिफारिश पर चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय की ओर से एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाले आठ छात्रों का प्रवेश निरस्त कर दिया गया है। जिन छात्रों के प्रवेश रद किए गए हैं उनमें अंजलि, अनन्या सिंह, सिया पराशर, परिक्षित राज, दीक्षा आजाद, ऋतिक सिंह, दिपांशु धनकर और आहान गौतम शामिल हैं। वहीं नौ छात्रों ने एमबीबीएस की सीट छोड़ दी और उन्होंने आवंटित सीट से त्याग पत्र दे दिया। यही कारण है कि पहले चरण की काउंसिलिंग के बाद आवंटित सीट से त्यागपत्र देने की अंतिम तारीख भी 13 सितंबर से बढ़ाकर 21 सितंबर कर दी गई। मालूम हो कि एमबीबीएस में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग चल रही है और गुरुवार तक रजिस्ट्रेशन होना है। शुक्रवार को मेरिट सूची जारी होगी। 23 सितंबर से 26 सितंबर तक अभ्यर्थी अपनी मनपसंद सीटों का विकल्प भर सकेंगे। 28 सितंबर को सीट आवंटन का परिणाम जारी होगा और 30 सितंबर से पांच अक्टूबर तक अभ्यर्थी आवंटित कालेज में प्रवेश ले सकेंगे।

### दूसरी काउंसिलिंग में बढ़ेंगी 617 सीटें

एमबीबीएस कोर्स की दूसरी काउंसिलिंग में कुल 617 सीटें बढ़ जाएंगी। इसमें पांच नए सरकारी मेडिकल कालेज जिसमें गोंडा, लखीमपुर खीरी, सोनभद्र, औरैया व कौशांबी शामिल हैं। यहां एमबीबीएस की सौ-सौ सीटें हैं। वहीं कानपुर देहात व ललितपुर के सरकारी मेडिकल कालेजों में 50-50 सीटें बढ़ाई गई हैं ।ऐसे में सरकारी मेडिकल कालेजों में कुल 600 सीटें और बौद्ध धर्म का फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर प्रवेश लेने वाले 17 छात्रों की सीटें रिक्त घोषित की गई हैं। प्रदेश में सरकारी व निजी मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस कोर्स की कुल 11,200 सीटें हैं। पहले चरण में प्रवेश के बाद अब दूसरी काउंसिलिंग के लिए खाली सीटों का ब्योरा 22 सितंबर को जारी किया जाएगा।

## बीमारी से तंग आकर विवाहिता ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीमारी से तंग आकर विवाहिता ने घर के बरामदे में फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सुरगौला में बुधवार शाम करीब 5 बजे भैया लाल की पत्नी रोशनी (47) ने लंबी बीमारी से तंग आकर बरामदे में फांसी पर झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पति भैया लाल ने बताया कि मेरी पत्नी रोशनी मौर्य काफी समय से बीमार चल रही थी। जिससे तंग आकर फांसी के फंदे पर झूल कर मौत को गले लगा लिया। रोशनी मौर्य का शव देखते ही परिजनों में हड़कंप मच गया परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के परिवार में दो पुत्र सर्वेश मौर्य और सतीश मौर्य है जिनका रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### मजदूर एकता संगठन का हुआ विस्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। किसान मजदूर एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद शकील ने मोहम्मद अम्मार गाजी को मंडल उपाध्यक्ष लखनऊ, विजय सिंह चौहान को तहसील सचिव मलिहाबाद, हंसराज को तहसील उपाध्यक्ष मलिहाबाद, राज बक्श रावत को तहसील महासचिव मलिहाबाद, प्रवेश गौतम तहसील सचिव मलिहाबाद, अब्बास अली ब्लॉक उपाध्यक्ष माल मनोनीत किया गया है ।इस मौके पर शकील ने कहा कि किसानों की लड़ाई के लिए हर समय सभी तैयार रहें।

## सिंगल लेन सभी राज्य राजमार्गों का किया जाएगा चौड़ीकरण

**लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव ने दिया निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान ने प्रदेश के ऐसे सभी राज्य राजमार्ग, जो अभी तक दो लेन नहीं हुए हैं, उनका चौड़ीकरण का कार्य जल्द शुरू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने मंगलवार को विधान सभा में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान इंटरस्टेट कनेक्टिविटी योजना के तहत चिह्नित सड़कों की जानकारी ली। निर्देश दिया कि जो भी सड़कें अभी दो लेन नहीं हुई हैं, उनकी सूची बुधवार तक उपलब्ध कराएं।



प्रमुख सचिव ने लखनऊ में सुलतानपुर रोड पर अर्जुनगंज में निमार्णाधीन चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य की समीक्षा के दौरान मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र) को निर्देश दिया कि निमार्णाधीन कार्य में तेजी लाते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराएं। कहा, निमार्णाधीन मार्ग में लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी और ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जहां भी लकड़ी के अस्थायी पुल हों, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर चिह्नित करते हुए कार्ययोजना में शामिल करें। प्रमुख सचिव ने चालू कार्यों कि वित्तीय और भौतिक प्रगति की जानकारी ली और निमार्णाधीन कार्यों में और अधिक तेजी लाने की हिदायत दी। बैठक में विशेष सचिव, प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष, प्रमुख अभियंता ग्रामीण सड़क, प्रबंध निदेशक सेतु निगम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## यूपी में 14 डायट बनेंगे उत्कृष्टता केंद्र, करीब 15-15 करोड़ खर्च किए जाने का प्रस्ताव तैयार

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। प्रदेश में 14 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्रों (डायट) को सेंटर आफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) बनाया जाएगा। यहां अत्याधुनिक पुस्तकालय के साथ-साथ साइंस, टेक्नोलाजी एंड मैथ्य (एसटीईएम) लैब बनाई जाएगी। डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) के छात्रों के लिए स्मार्ट क्लास की सुविधा भी मिलेगी। प्रत्येक डायट में करीब 15-15 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। कुल 225 करोड़ रुपये इस पर खर्च किए जाएंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से प्रस्ताव भेज दिया गया है। संयुक्त शिक्षा निदेशक डा. पवन सचान के मुताबिक जिन 14 जिलों के डायट का कायाकल्प कर उन्हें उत्कृष्टता केंद्रों में तब्दील किया जाएगा उनमें आजमगढ़, सुलतानपुर, बरेली, गौतमबुद्ध नगर, उन्नाव, गाजीपुर, भदोही, मथुरा, फिरोजाबाद, श्रावस्ती, कानपुर, हाथरस, प्रतापगढ़ और कौशांबी शामिल हैं। यहां एकेडमिक ब्लाक में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कक्षाएं होंगी। स्मार्ट क्लास में डीएलएड के विद्यार्थी आडियो-वीडियो की मदद से आसानी से कठिन से कठिन पाठ समझ सकेंगे। साइंस, टेक्नोलाजी एंड मैथ्स लैब में विद्यार्थियों को प्रयोग के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। पुस्तकालय में ई बुक्स की भी उपलब्धता रहेगी। आडिटोरियम, गर्ल्स व ब्वायज हास्टल और कैंटीन की भी अच्छी सुविधा दी जाएगी। दूसरे चरण के लिए 14 डायट का चयन किया गया है। पहले चरण में चयनित 13 जिलों के डायट को उत्कृष्टता केंद्र बनाए जाने का कार्य शुरू हो गया है। पहले चरण में जिन जिलों में डायट का कायाकल्प किया जा रहा है उनमें मेरठ, प्रयागराज, मुरादाबाद, आगरा, अलीगढ़, लखनऊ, जौनपुर, बाराबंकी, वाराणसी, कुशीनगर, गोरखपुर और मुजफ्फरनगर शामिल हैं। यहां इन सभी डायट के लिए कुल 103 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। इन्हें उत्कृष्टता केंद्र बनाने के लिए कायाकल्प का कार्य भी शुरू हो गया है।

## लखनऊ में बिजली चोरी का भंडाफोड़



**200 किलोवाट बिजली चोरी पकड़ी गई; 70 पर मुकदमा**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हुसैनगंज, राजभवन, अमीनाबाद, राजाजीपुरम, ऐशबाग, अपट्रान, चौक, ठाकुरगंज व रेजीडेंसी से संबंधित मुहल्लों के 283 घरों में की गई जांच में 200 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई। जांच के लिए मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल के नेतृत्व में नौ टीमें बनाई गई थीं। टीम ने सुबह पांच से शाम छह बजे तक चेकिंग अभियान चलाया।

मुख्य अभियंता ने बताया कि लालबाग, सदर बाजार, सिकंदर बाड़ा, मशकगंज, ताजीखाना, मानक नगर, आवास विकास, गुलजार नगर, कच्ची कालोनी, नजफ, छूबलाल, दरगाह में अनियमितता पायी गई। बिजली चोरों के कनेक्शन काट दिए गए हैं और 70 बिजली चोरों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

विद्युत नगरीय वितरण मंडल चौक क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पांडे ने बताया कि चौक में महताबबाग के राजू सीमेंट, विक्टोरिया में महमूद नगर, रेजीडेंसी के जीटीआइ बिजली घर से संबंधित सुदामा पुल, नाले के किनारे, नई बस्ती, तकिया और ठाकुरगंज के भोलानाथ कुआं के 119 घरों में जांच की गई। यहां 27 घरों में बिजली चोरी मिली।

## चालक की लगी झपकी अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के थरियांव क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग प्रयागराज कानपुर मे कोडरपर के समीप एक कोल्ड ड्रिंक से भरा हुआ ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया चल रहे ट्रक में ड्राइवर को नींद आ गई जिससे ट्रक बेकाबू हो गया और अनियंत्रित होकर पलटने लगा वैसे ही अचानक नींद खुलने पर ड्राइवर ने नियंत्रण करना चाहा परंतु नियंत्रण न हो अपने पर गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाई कौशांबी जनपद निवासी ड्राइवर ने थाना अध्यक्ष थरियांव अरविंद कुमार राय के पहुंचने पर बताया कि अन्य किसी भी प्रकार की हानि नहीं हुई ड्राइवर गाड़ी लेकर लखनऊ से संडीला कोल्ड ड्रिंक लादकर जा रहा था प्रशासन ने कड़ी मशक्कत के बाद मुख्य मार्ग में फैले कांच की बोतलों के कांच की साफ सफाई कराई

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा का आगाज

**राज्यभर में रक्तदान शिविरों का आयोजन**

**370 शिविरों में 4575 यूनिट किया गया रक्तदान, 5709 नए रक्तदाताओं का पंजीकरण**

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितम्बर को उत्तर प्रदेश में वृहद स्तर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा का हिस्सा है, जो एक अक्टूबर तक चलेगा। इस पखवाड़े का उद्देश्य समाज की भलाई के लिए विभिन्न सेवा गतिविधियों को संचालित करना है जिसमें रक्तदान, और स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 17 सितम्बर को पूरे प्रदेश में राज्य रक्त सचंरण परिषद के तत्वावधान में 370 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए, जिनमें कुल 4575 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसके साथ ही 5709 नए स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने अपना पंजीकरण कराया। यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत अधिक है, जो इस बार की मुहिम की व्यापक सफलता को दशार्ता है। इन शिविरों में सरकारी और निजी रक्त बैंकों के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए जिन्होंने अपनी स्वैच्छिक सेवा दी।

प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रक्तदान शिविरों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों विशेषकर युवाओं और महिलाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं, थैलेसीमिया और हीमोफीलिया से पीड़ित बच्चों और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा रक्तदान एक महान सेवा है जो जरूरतमंदों की जान बचा सकती है। मैं विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के जनमानस से अपील करता हूँ कि वह आगे आकर इस अभियान में हिस्सा लें और अपने रक्तदान से समाज की सेवा करें।

## बायोमेट्रिक उपस्थिति न लगाने पर कटेगा सचिवालय कर्मियों का वेतन, प्रशासन ने की सख्ती

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सचिवालय में अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति पर सख्ती शुरू कर दी गई है। अब मानव संपदा पोर्टल से बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को जोड़ा जाएगा। बायोमेट्रिक उपस्थिति न लगाने पर कर्मियों का उस दिन का वेतन कट जाएगा। लेटलतीफी और बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने को लेकर की जा रही लापरवाही के चलते सचिवालय प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। वहीं कर्मियों ने इसका विरोध तेज कर दिया है।

मानव संपदा पोर्टल से बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को जोड़ने के लिए विशेष सचिव, सचिवालय प्रशासन गौरव वर्मा की ओर से राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी) के तकनीकी निदेशक दीपक शर्मा को बुधवार को पत्र भेजा गया है।



### तीन हजार से अधिक अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत

सचिवालय में साढ़े तीन हजार से अधिक अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत हैं। वहीं बीते दिनों बायोमेट्रिक उपस्थिति का ब्योरा सचिवालय प्रशासन विभाग ने निकाला तो पता चला कि 60 प्रतिशत कर्मचारी देर से आते हैं और इसमें 30 प्रतिशत ऐसे भी मिले जो कि प्रतिदिन बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं करते। ऐसे में प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन के. रवीन्द्र नायक ने इस पर सख्त नाराजगी जताई और सभी विभागों को पत्र लिखकर ऐसे कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अब मानव संपदा पोर्टल से इसे जोड़ने के बाद जो कर्मचारी हाजिरी नहीं लगाएगा उसका वेतन कट जाएगा। मालूम हो कि कोरोना महामारी के दौरान बायोमेट्रिक उपस्थिति लगाने से सचिवालय कर्मियों को छूट दी गई थी, लेकिन बाद में स्थिति सामान्य होने के बाद इसे फिर से लागू करने के निर्देश दिए गए। फिर भी सचिवालय कर्मी मनमाने ढंग से इसे लगा रहे हैं।

## 35 वर्षीय युवक नदी में फिसला, मौत

अमन लेखनी समाचार



बंथरा। बंथरा थाना के अंतर्गत गोंदौली क्षेत्र से निकल रही सई नदी के किनारे बैठे हुए एक 35 वर्षीय युवक का पैर फिसल गया जिससे वह एकाएक नदी मे बह गया। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर क्षेत्रीय गोताखोरों की मदद से युवक को काफी ढूंढने का प्रयास किया लेकिन नदी में तेज बहाव के चलते नही मिला। क्षेत्रीय गोताखोर के बाद पुलिस व प्रशासन ने एसडीआरएफ की टीम को इस बात की जानकारी दी। टीम ने मंगलवार की रात को काफी खोजबीन की लेकिन दीपक का पता नहीं चला। वहीं बुधवार के दिन एसडीआरएफ पुलिस व क्षेत्रीय गोताखोरों की मदद से युवक का शव वहीं से कुछ दूर झाड़ियां के बीच फंसा हुआ मिला। युवक के शव को पुलिस कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक दीपक के पिता ने एक लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनका पुत्र दीपक मंगलवार को सई नदी के पास बैठा हुआ था अचानक से उसका पैर फिसला और नदी में जा गिरा। जिसका शव काफी मशक्कत के बाद बुधवार के दिन मिला। दीपक शादीशुदा था तथा उससे दो बच्चे भी हैं। वहीं इस घटना को लेकर बंथरा प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दीपक पुत्र शिवपाल उम्र लगभग (35) वर्ष, नानमऊ, हरौनी बन्थरा का निवासी है। म्रतक के परिजनों ने जानकारी दी की मंगलवार की शाम लगभग 9:00 बजे क्षेत्र से निकल रही सई नदी के किनारे गया था जहां पर उसका पैर फिसला और गिर गया। जानकारी मिलते ही आनन फानन टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से नदी में ढूंढा गया लेकिन पानी का स्तर ज्यादा होने के चलते युवक का शव नहीं मिला। वहीं बुधवार के दिन युवक का शव नदी के अंदर मिला जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । अन्य कार्रवाई की जा रही है।

## दबंगों ने वन विभाग की भूमि पर बनाया कच्चा रास्ता, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, मंगलवार को भदेसुवा में वन विभाग के भदेसुवा वन ब्लाक में वन भूमि की सफाई कर कच्चा रास्ता बनाया गया हैं मंगलवार शाम को सिसेंडी के वन बीट प्रभारी सत्य प्रकाश ने मोहनलालगंज थाना में तहरीर देते थाना प्रभारी से कार्यवाही कि मांग कि है जानकारी देते हुए बताया कि बीट गश्त के दौरान सिसेंडी के वन बीट प्रभारी सत्य प्रकाश यह सूचना प्राप्त हुई कि भदेसुवा गाँव में वन विभाग के भदेसुवा वन ब्लाक में वन भूमि की सफाई कर कच्चा रास्ता बनाया गया हैं। सूचना पाकर वन बीट प्रभारी सत्य प्रकाश शाम करीब 4 बजे मौके पर पहुँचा तो देखा कि भदेसुवा वन ब्लाक की भूमि पर लगभग 200 मी0 लम्बा एवं 17 मी0 चौड़ा कच्चा रास्ता बनाया गया है एवं सफाई कार्य किया गया है। वही जब सत्य प्रकाश ने आस-पास मौजूद कृष्को से पूछ-ताछ कि लेकिन यह मालूम नहीं चल पाया कि यह रास्ता किसने बनाया है भदेसुवा वन ब्लाक की भूमि भारतीय वन अधिनियम 1927 के अन्तर्गत संरक्षित वन भूमि है वन ब्लाक की भूमि पर किसी भी प्रकार का गैर वैधानिक कार्य भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 के अन्तर्गत एक वन अपराध है सिसेंडी के वन बीट प्रभारी सत्य प्रकाश कि शिकायत पर पुलिस ने धारा 26 भारतीय वन अधिकारी के तहत अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### जमीनी विवाद में मॉ-बेटे को पीटा, बाइक तोड़ी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। पीजीआइ के लौगांखेड़ा निवासी विलास यादव ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते मगंलवार को वो अपनी मां के साथ मोहनलालगंज के फुलवरिया गांव में अपने मामा के घर आया था, जमीनी विवाद को लेकर विपक्षी कैलाश यादव ने अपने भाईयो दीपक यादव, पारस यादव व साले नीरज यादव के मिलकर उसकी व मां की बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया ओर जब वो वीडियो बनाने लगा तो इसका मोबाइल फोन छिनकर तोड़ने के बाद तालाब में फेक दिया ?.घायल मां संग जब वो थाने शिकायत करने जाने लगा तो उसकी बाइक भी रास्ते में रोककर विपक्षियो ने तोड़ दी ओर पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की शिकायत पर आरोपियो पर मारपीट व तोड़फोड़ समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

## जर्जर सड़क पर राहगीर गिरकर हो रहे चोटिल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ. राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज से जाने वाला नेशनल हाइवे मार्ग पर मोहनलालगंज में स्थित राधा स्वामी सत्संग के ठीक सामने हाइवे के दूसरी ओर से लगा डामर लिंक मार्ग जो कि मऊ गाँव के लिए जाता है बहुत ही खराब हालत में इन दिनों हो चला है खस्ताहाल लिंग मार्ग से रोजाना सुबह शाम सैंकड़ो लोगों का आवागमन रहता है हाइवे से लगे इस लिंक मार्ग की दुर्दशा कुछ इस प्रकार की बन चुकी है की इस पर चलना अब बहुत मुश्किल हो चला है बड़े बड़े गड्ढे होने के कारण और बारिश का पानी भर जाने की वजह से हादसे होने की प्रबल संभावना रहती है, इस मार्ग पर ट्रक भी निकलते रहते है, स्कूली बसों और स्कूली वैन भी बच्चों को लाने और लें जाने का काम भी इसी मार्ग से रहता है, इसके अलावा बहुत से बच्चें साईकिल और बहुत से बच्चें पैदल से बहुत बच्चों को उनके परिजन स्कूल इसी मार्ग से लाते लें जाते है, ऐसे में यह मार्ग ऐसी हालत में होना कही न कही उत्तर प्रदेश सरकार के लिए चुनौती पूर्ण है भाजपा के पूर्व सांसद कौशल किशोर के लोकसभा सीट मोहनलाल गंज से हारने की वजह कही नहीं तो कही मोहनलालगंज में खराब मार्गो को दुरुस्त न कराना रहा साथ ही लोक निर्माण विभाग भी डामर गिट्टी डाल कर खाना पूर्ति करने में माहिर है जबकि यह मार्ग पर एक बार नए सिरे से मजबूती के साथ काम हो जाए तो भविष्य में काफी समय तक यह मार्ग ठीक रह सके।

## संक्षेप

### कृषक जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन

उन्नाव। औरास कस्बे में स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार प्रांगण में कृषि विभाग द्वारा किसानों के उन्मुखिकरन व सुदृढ़ीकरण का कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बतौर क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत रहे वहीं उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि किसानों की दशा को लेकर सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है वहीं राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी अजय सिंह के द्वारा किस उपस्थित किसानों को धान की फसल में लगने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत मंडल अध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी भूमि संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार एडीओ एग्रीकल्चर अशोक कुमार प्रदीप गुलाब चंद्र पपूजानी सिंह सुरेंद्र सिंह प्रदीप दीक्षित नगर अध्यक्ष राकेश कुमार व क्षेत्रीय किसान लोग मौजूद रहे।

### कायाकल्प अवार्ड योजना में सीएचसी जिले में अव्वल

उन्नाव। जनपद के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास जो कायाकल्प अवार्ड योजना के अंतर्गत जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है वही प्रदेश स्तर पर सत्ताइसवां स्थान प्राप्त होने की जानकारी पर क्षेत्रीय लोगों के अलावा सीएचसी स्टाफ ने प्रभारी अधीक्षक अनूप तिवारी का मुंह मीठा करा शुभकामनाएं प्रेषित की वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अनूप तिवारी (बाल रोग विशेषज्ञ) ने बताया कि हमारा प्रयास है की ज़िले में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है लेकिन अब प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना है जिसके लिए हमारा स्टाफ क्षेत्रीय जनमानस का सहयोग अत्यंत आवश्यक है

### ब्लाक सभागार में किसान मेले का किया गया आयोजन

पुरवा, उन्नाव। कृषि सूचनातंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरुकता कार्यक्रम के तहत ब्लॉक सभागार को आयोजित किसान मेला व प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि मोहन व भाजपा जिला मंत्री डां रजनीश वर्मा व ब्लाक प्रमुख सतीश चौधरी ने करते हुए मेले में किसानों को कृषि सम्बंधी जानकारियाँ दी गयी। किसानों को तिरपाल व मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे गये । विधायक प्रतिनिधि मोहन सिंह ने किसानों से कहा कि मोदी व योगी सरकार लगातार किसानों के हित में जनहितकारी योजनाएं चला रही है जिसका लाभ सभी किसानों को मिल रहा है। ब्लॉक प्रमुख सतीश चौधरी ने सरकार की योजनाएं सदैव किसानों के हित की बात करती है और किसानों के हित का सदैव ध्यान रखती है। भाजपा जिलामंत्री डा रजनीश वर्मा ने कहा कि किसान ब्लाक में पंजीकरण कराए ताकि योजनाओं का लाभ ले ।किसानो की संचालित योजनाए गिनाई गयी ।साथ ही कहा कि ब्लाक में किसान पंजीकरण कराए और बीज केंद्र से बीज लेकर उत्पादन बढाए ।जिससे किसान की आय दुगनी हो सके राजकीय बीज भण्डार प्रभारी शिव कुमार ने किसानों को बताया फसलों के बीज अनुदान पर किसानों को दिए जाएगें।मेले में किसान वंशीलाल ,श्यामू ,रमेश ,सुखदेई ,अलोपी ,राकेश थ।

# समाजवादी पार्टी की आयोजित हुई मासिक बैठक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने सभी कार्यकर्ताओ या नेताओ से लक्ष्य 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियो पर जोर देते हुए कहा कि सभी विधानसभा अध्यक्ष अपनी कमेटियों के पदाधिकारियों के सहयोग से बूथ स्तर तक कार्यकताओं एवं क्षेत्रीय लोगो को अपने साथ जोड़े।

यादव ने कहा कि पी डी ए जागरूक अभियान विगत दिनों युवा फ्रंटल के अध्यक्षों द्वारा जनपद में चलाया गया। इसी क्रम में पिछड़ा वर्ग संगठन व अल्पसंख्यक संगठन के जिलाध्यक्ष पूरे जनपद में अभियान को चलाये और क्षेत्रीय वरिष्ठ नेताओ का भी सहयोग ले। सत्ता दल हर हथकंडे अपना रहा लड़ाई बड़ी है। जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से पीड़ित है। समाजवादी पार्टी का नेतृत्व अखिलेश यादव इस लड़ाई को लगातार प्रदेश से लेकर लोकसभा तक लड़ रहे ।प्रमुख रूप से पूर्व सांसद अन्नू टण्डन, राष्ट्रीय सचिव सुंदर लाल लोधी, सुधीर रावत, सुनील साजन, एडवोकेट राम कुमार, बदलू खाँ, धर्मेंद्र यादव, सी के त्रिपाठी, सुजाउर रहमान सफवी रहे। बैठक में राजकुमार रावत, बीतेन्द्र यादव, मुन्ना अलवी, अलवी मिश्रा, राजेश कुमार साधु यादव, हेमंत पाल, नरेंद्र लोधी, अमन अंजुम, लकी यादव, अंकित यादव, हाजी सईद इरफान, मेराज अहमद, जितेंद्र कुशवाहा, सैफ खान, बालेन्द्र यादव, आलोक त्रिपाठी, कुलदीप यादव, शरीफ खान, हरीश किदवई, राहुल अग्निहोत्री, छोटे लाल भारतीय आदि कार्यकर्तागण रहे।

## एचआईवी को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को किया प्रोत्साहित

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। एचआईवी 4 की बात को लेकर सीएचसी द्वारा गांव मिजार्पुर में लोगों को प्रोत्साहित किया गया। ग्राम सभा मिजार्पुर सुम्हारी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आईसीटीसी महेश कुमार व कोटेदार हरिशंकर, आशा कुमुद अवस्थी, आशा रीना देवी, आंगनवाड़ी रेखा त्रिपाठी, सहायिका निशा बाजपाई, टी आई से ओ आर डब्लू प्रीति व वैशाली कश्यप आदि मौजूद रही। आईसीटीसी काउंसलर महेश कुमार के द्वारा एचआईवी के बारे में जानकारी दी गई साथ ही एचआईवी फैलने तथा बचाव के कारण बताए गए सभी लोगो को अपनी अपनी एचआईवी जांच कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही सामाजिक लांक्षन व भेद भाव को दूर कर समाज में समानता का व्यौहार करने के साथ अपील की गई।

# पौराणिक जल बिहार मेले का राज्य मंत्री ने किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। जनपद उन्नाव हरदोई के बीच विकासखंड मल्लावां की ग्राम पंचायत गंजजलालाबाद में पौराणिक जल बिहार मेला का उद्घाटन प्रतिभा शुक्ला महिला विकास एवं बाल पुष्टाहार राज्य मंत्री द्वारा किया गया। ग्राम प्रधान अभिषेक दीक्षित व अध्यक्ष राष्ट्रीय पत्रकार एसोशिएशन लखनऊ नरेश दीक्षित के सौजन्य से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके पूर्व गंज मुरादाबाद में स्थित श्री सिद्धनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक किया। तत्पश्चात गंज जलालाबाद पहुंच कर जल बिहार मेले का उद्घाटन किया। गंज जलालाबाद मे प्रतिभा शुक्ला राज्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण स्टाल का अवलोकन किया गया। पोषण स्टाल एचसीएल फाऊंडेशन एवं आईसीडीएस विभाग के द्वारा लगाया गया था। पोषण स्टाल में पोषण भी पढ़ाई भी थीम पर जोर दिया गया था। तत्पश्चात मंत्री जी ने दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं दो बच्चों का अन्नप्राशन किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में 20 लाभार्थियों को पोषण किट का वितरण किया जिसमें तीन गर्भवती तीन धात्री चार किशोरी और 10 कुपोषित बच्चों को पोषण किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में एचसीएल फाऊंडेशन एवं सहयोगी संस्था पूर्वांचल ग्रामीण विकास संस्थान के टीम के सदस्य उपस्थित रहे। इस मेले मुख्य आकर्षण यहां की परम्परागत से निकाली गई सांस्कृतिक एवं परिहास पूर्ण नकल थी। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से गीत संगीत का सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा काला जादू, कठपुतली डांस मुख्य आकर्षण रहा। विगत वर्षो से इस वर्ष अधिक क्षेत्रीय जनता ने प्रतिभाग कर आंनद लिया।

# पेंशन की समस्याओ को लेकर ब्लाक स्तरीय आयोजित किए जाएंगे कैंप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला प्रोबशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया बताया है कि उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी पेंशनों में उत्पन्न समस्याओं के समाधान हेतु महिला कल्याण विभाग उ0प्र0 द्वारा संचालित पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पांसरशिप योजना तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को शसक्त बनाने हेतु जनपद में विकास खण्डवार 18 सितम्बर को सफीपुर में, 19 सितम्बर को एफ-84 में, 20 सितम्बर को बांगरमऊ में, 21 सितम्बर को गंजमुरादाबाद में, 23 सितम्बर को मियांगंज में, 24 सितम्बर को असोहा में, 25 सितम्बर को औरास में, 26 सितम्बर को हसनगंज में, 27 सितम्बर को नवाबगंज में, 28 सितम्बर को बिछिया में, 30 सितम्बर को हिलौली में, 01 अक्टूबर को सुमेरपुर में, 03 अक्टूबर को बीघापुर में, 04 अक्टूबर को सि0सरोसी में, 05 अक्टूबर को सि0कर्ण में और 07 अक्टूबर को पुरवा में कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। उक्त तिथियों में लाभार्थी अपनी समस्याओं के समाधान हेतु अपने विकास खण्ड के कार्यालय, में आयोजित कैम्प में पहुँचकर अपनी समस्याओं का निराकरण एवं योजनाओं के आवेदन करा सकते हैं।

# गंगा एक्सप्रेसवे के कार्य से नहर की पटरी हुई बंद, किसान यूनियन ने दिया धरना

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। शारदा नहर की सहायक नहर की पटरी पर गंगा एक्सप्रेसवे के द्वारा निर्माण कार्य किए जाने से नाराज व पटरी बनाए जाने के लिए भारतीय किसान यूनियन ने धरना देकर ज्ञापन नायब तहसीलदार बीघापुर को ज्ञापन सौंपो



तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र से शारदा नहर से निकली सहायक नहर देवारा से कुशहा माइनर की पटरी के बीच से गंगा एक्सप्रेसवे रोड का निर्माण किया जा रहा है जिसमें नहर की पटरी को गंगा एक्सप्रेसवे के द्वारा निर्माण कार्य करके नहर की पटरी को बंद कर दिया है जिसके कारण लोगों को किसानों को अपने खेतों तक जाने के लिए साइकिल मोटरसाइकिल ट्रैक्टर नहीं निकाल पा रहे हैं जिससे किसानों को अपने खेतों में जाने के लिए भारी दिक्कतें पैदा हो रहे हैं जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन ने कई बार धरना देकर अपनी बात नहर विभाग के अधिकारी व तहसील स्तर के सक्षम अधिकारियों के बीच लिखित रूप से दी जिस पर नहर विभाग के अधिकारियों के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि माइनर की पटरी बनाई जाएगी लेकिन माइनर की पटरी नहीं बनाई गई जिसके कारण भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह व तहसील अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह दर्जनों महिलाओं व पुरुषों के साथ कुशहा माइनर के पास बैठकर धरना प्रदर्शन किया वहीं तहसील से पहुंचे नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला को अपना ज्ञापन सौप कर समस्या बताई जिस पर उन्होंने कहा कि आपकी बात को गंगा एक्सप्रेसवे के व नहर विभाग के अधिकारियों को बताई जाएगी।

## बढ़ रहा गंगा नदी का जलस्तर बाढ़ की आंशका से ग्रामीण चिंतित

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। गंगा नदी में पुनः बढ़ रहे जल स्तर से क्षेत्र के गंगा तटीय इलाके के ग्रामीण बाढ़ की आशंका से फिर भयाग्रस्त हो रहें हैं, किसनो की पूर्व में हुई छति की पीड़ा कम नहीं हो पाई थी और अचानक बढ़ने लगे गंगा नदी में पानी से गंगा तटीय ग्रामों के लोगों को पुनः समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है। जनपद के फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अन्तर्गत गंगा नदी का जल स्तर पिछले 24 घण्टों में तेजी से बढ़ा है। बढ़ रहे जलस्तर को देख कटरी क्षेत्र के ग्रामीणों में बेचैनी बढ़ गयी है। अभी एक माह पूर्व बढ़े जल स्तर में कमी काफी हो गई थी। परन्तु पिछले कई दिनों से पानी के स्तर की वृद्धि शुरू हुई थी, परन्तु पिछले 48 घंटों में वृद्धि की गति बढ़ गई है। ग्रामीण बेचारे अपनी फसलों को लेकर चिन्तित हैं ।सम्भावित बाढ को लेकर प्रशासन एवं राजस्व विभाग की ओर से भी तैयारी की गति में वृद्धि कर ली गयी हैं। क्षेत्र के जैतपुर, रुस्तमपुर, खैरागाड़ा ,गजिया पुरवा, ठकठइया कमरुदीन पुर , चिरंजुपुर, हिन्दूपर, अर्जुनपुर,गड़ाई, आदि सहित दर्जनों गाँवों की दहलीज की ओर गंगा नदी का जल तेजी से बढ़ रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि क्षेत्र के तमाम गाँवों को जाने वाले मार्गों पर पानी भरने से आवागमन की समस्या उत्पन्न हो गई है। जिससे ग्रामीणों द्वारा नाव का सहारा लिया जा रहा है ।हालाँकि प्रशासन की ओर से हर स्तिथि से निपटने के दावे किये जा रहे हैं। क्षेत्र के कटरी क्षेत्र के प्रधान रोशन कुमार , अश्वनी बाजपेई, विकास निषाद, प्रशांत शुक्ला, हरिश्चन्द्र, मनीष शुक्ला, कमलेश कुमार आदि ने बतया कि पानी कि वृद्धि इसी तरह रही तो रात को पानी गाँवो में प्रवेश करना शुरू कर देगा।

# श्रमदान कर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का किया गया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज प्राचार्य प्रोफेसर सदानंद राय के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी धर्मेंद्र द्विवेदी व मिशन शक्ति संयोजिका सविता राजन ने श्रमदान कर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वच्छता का महत्व बताते हुए सभी से अपने आवास और कार्य स्थल के आसपास साफ और स्वच्छ रखने की अपील की। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार महाविद्यालय में₹स्वच्छता ही सेवा अभियान₹ अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक ₹स्वच्छता पखवाड़ा₹ संचालित किया जाएगा। इसी कार्यक्रम के तहत आज बुधवार को प्राचार्य प्रोफेसर राय द्वारा सर्वप्रथम समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों और स्वयं सेवियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला और कहा कि अपने आसपास सफाई रखें तथा लोगों को सफाई के प्रति जागरूक भी करें। इस अवसर पर स्वयं सेवियों ने महाविद्यालय के प्रांगण में झाड़ू लगाकर सफाई की और परिसर में पड़ी पन्नियों को एकत्र किया। साथ ही स्वयं सेवियों ने बारिश के मौसम में उगी घास को साफ कर कूड़े का निस्तारण भी किया। अभियान के शुभारंभ पर धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी, डॉ दिग्विजय नारायण, डॉ सविता राजन, डॉ किरन, डॉ सुनीता निरंकारी, डॉ रविराज वर्मा, डॉ अभय राजपूत व डॉ शैलजा सहित विनोद मौर्य, बसंत लाल मौर्या व जितेंद्र आदि कर्मचारियों ने भी श्रमदान कर आम जन मानस को स्वच्छता का संदेश दिया।

## धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा की जयंती

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कल17 सितंबर को अपना दल एस के कार्यकताओं द्वारा भगवान विश्वकर्मा की जयंती एवं भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी की जयंती बौद्ध पर्यटन स्थल नेवल गांव में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई तथा एक दूसरे को मिष्ठान वितरण कर उनके जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरेश पटेल उपस्थित रहे, मंडल उपाध्यक्ष ने मोदी सरकार (एन डी ए) की दर्जनों महत्वपूर्ण योजनाओं के विषय में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता आई टी सेल के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल आर्य ने तथा संचालन विधानसभा अध्यक्ष विकास पटेल ने किया। अन्त मे मनोज विश्वकर्मा को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश पाल, सहकारिता मंच के जिलाध्यक्ष कौशल गुप्ता, अल्पसंख्यक मंच के जिलाध्यक्ष वसीरजा, विधान सभा उपाध्यक्ष बिनोद पाल, सांस्कृतिक मंच के जिला उपाध्यक्ष बंसीलाल अर्कवंशी, जिला सचिव अमन शर्मा, सेक्टर अध्यक्ष शैलेंद्र कटियार, संजय विश्वकर्मा, पुस्पेंद्र कटियार, आशीष गुप्ता, मोनू पाल, अर्जुनलाल गौतम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गंगा तट से युवक लापता, तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान करने आया युवक नानामऊ गंगा तट पर कपड़े रख लापता हो गया। गंगा नदी में डूबने की आशंका पर पुलिस ने गोताखोरों से उसकी तलाश शुरू कराई अभी तक उसका कुछ पता नहीं चल सका है। हरदोई जनपद के थाना कासिमपुर के गांव घुसपांहा निवासी रणवीर सिंह23 पुत्र रमेश चंद्र बुधवार सुबह साइकिल से घर से निकला था। करीब 8 बजे बड़े भाई सुखबीर को फोन कर जानकारी दी कि साइकिल बेहंदर में खड़ी कर दी है और वह ऑटो रिक्शा से बांगरमऊ क्षेत्र के नानामऊ घाट पर गंगा स्नान के लिए जा रहा है करीब 10 बजे भाई ने दोबारा उसके मोबाइल पर फोन किया तो किसी युवक ने बताया कि इस युवक के कपड़े चप्पल व मोबाइल गंगा के किनारे रखे है गंगा नदी में नहाने के दौरान डूबने की आशंका पर पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की सहायता से उसकी तलाश शुरू कराई है लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। युवक अविवाहित है चार भाइयों में तीसरे नंबर का है। चर्चा है कि कुछ समय पूर्व रणवीर छत से गिर गया था जिसके बाद से उसका मानसिक संतुलन खराब था भाई सुखबीर ने बताया कि रणवीर छत से गिर गया था जिससे सिर में काफी चोट लग गई थी लेकिन मानसिक संतुलन सही था। और वह बी0 ए0 पास था कोतवाली के कार्यवाहक प्रभारी नईम खां ने बताया कि गोताखोरों से गंगा नदी में तलाश कराई जा रही है।

# एसएसबी ने एक नेपाली महिला को एक किलो चरस के साथ किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच ।भारत नेपाल सीमा पर तैनात रूपईडीहा एस एस बी और पुलिस की सैयुक्त टीम ने एक नेपाली महिला को एक किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। सशस्त्र सीमा बल 42वी वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत तथा रमन लाल उप कमांडेंट (प्रचालन) के निर्देशन में रूपईडीहा चेक पोस्ट पर नियमित चेकिंग व ऊ.प्र. पुलिस के साथ संयुक्त चेकिंग के दौरान एक महिला जो नेपाल से भारत आ रही थी चेकिंग के दौरान पाया कि महिला के पास उसके कमर में बंधा हुआ दो पैकेट में कुछ संदिग्ध सामान मिला और महिला ने बताया की संदिग्ध पैकेट में चरस है जो नेपाल से लाई है। पकड़ी गयी महिला से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम फरकी रोखा भागर उम्र 45 वर्ष पुत्री बुदा रोखा पता थवांग वार्ड नं- 09, जिला रोल्पा नेपाल बताया। पकड़ी गई महिला की जमा व तलाशी सहायक कमांडेंट बाशुकी नंदन पाण्डेय समवाय प्रभारी रूपईडीहा व अन्य एस एस बी कार्मिक तथा पुलिस के समक्ष ली गयी तो उनके पास से एक कि.ग्रा.चरस बरामद हुआ। बरामद चरस व महिला को माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानव अधिकार के निदेर्शों का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया तथा सभी आवश्यक औपचारिकता विधिवत रूप से पूर्ण करने के उपरांत अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच को सुपुर्द किया गया।

## स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में 21 सितंबर, शनिवार को रामा हॉस्पिटल, लखनपुर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को स्कूल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान संयोजक अवनीश शुक्ला ने साझा की। शिविर का समय सुबह 10 बजे से निर्धारित किया गया है। इसमें विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहेंगे, जो मरीजों का परीक्षण करेंगे। शिविर में कार्डियोलॉजी, जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी, नेत्र जांच और दंत चिकित्सा से जुड़े विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। यह पहल क्षेत्र के निवासियों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उन्हें उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त में उपलब्ध कराएगी। अवनीश शुक्ला ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करना और उन्हें चिकित्सा सलाह प्रदान करना है।

## बिना पंजीकरण के संचालित मिला निजी अस्पताल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। हरदोई उन्नाव मार्ग पर कोतवाली गेट के पास संचालित एक निजी नर्सिंग होम की सीओ और सीएचसी प्रभारी ने जांच की। नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन न मिलने पर उसे बंद करा दिया गया। नगर में कोतवाली गेट के पास संचालित हाईटेक हॉस्पिटल में जांच के लिए सीओ अरविंद कुमार और सीएचसी प्रभारी मुकेश सिंह पहुंचे और नर्सिंग होम संचालक से रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दिखाने को कहा। लेकिन नर्सिंग होम संचालक रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट नहीं दिखा सका और वहां कोई चिकित्सक भी तैनात नहीं मिला। सीएचसी प्रभारी मुकेश कुमार ने नर्सिंग होम को बंद करा दिया है।

## पेशाब कांड 49 दिन बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से दूर पीड़ित ने नवागत एसपी से लगाई न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के सेमरीमऊ निवासी युवक के ऊपर हुए जानलेवा हमले के मामले में 49 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है ।घटना की जांच कर रही क्राइम ब्रांच से जांच हटाए जाने व आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी किए जाने को लेकर पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र दिया है ।एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। क्षेत्र के सेमरीमऊ निवासी अरुण दीक्षित पर अपने जन्म दिन के कार्यक्रम के बाद घर जाते समय एक अगस्त की रात रास्ते में घात लगाए बैठे आरोपितों ने चाकू व डंडों से जानलेवा हमला कर दिया था ।पीड़ित किसी तरह भागकर जान बचाई थी ।पीड़ित ने आरोपितों पर तमंचे से फायर करने व पेशाब पिलाने का भी आरोप लगाया था ।अरुण की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध जानलेवा हमले सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी ।घटना के 49 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी ना होने से अरुण ने एसपी दीपक भूकर को प्रार्थना पत्र देकर जांच क्राइम ब्रांच से हटाकर किसी दूसरे सर्किल के थाने से कराने की मांग की है ।पीड़ित का आरोप है की क्राइम ब्रांच की टीम आरोपियों को गिरफ्तारी नहीं कर रही है ।जिससे आरोपितों के हौसले बुलंद है। आए दिन आरोपित परिजन को धमकी दे रहे है ।जिससे जान का खतरा बना हुआ है ।एसपी दीपक भूकर ने आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

## पुल पर गड्ढा, हादसों को दे रहा है दावत

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। लगभग एक साल पहले लाखो की लागत से बनाया गयी गयी सडक मे बडे बडे गड्ढे बन गये जिससे प्रतिदिन अनेक राहगीर चुटहिल हो रहे है। पुरवा से अचलगंज मार्ग पर कई जगह गड्ढे पड़ गए हैं जिससे अनेक लोग गिरकर चुटहिल हो रहे है । ओवर लोडिंग वाहनों के चलते उक्त सड़क कई जगह बदहाल हो चुकी है ।यहां से प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है। सबसे बड़ा खतरा सारदा नगर पुल पर बना हुआ है, जहां पुल पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जो वाहन चालकों के लिए खतरा बना रहता है ।आज लगभग दो दर्जन से अधिक दोपहिया वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं।

## सम्पादकीय

# केजरीवाल के इस्तीफे के पीछे खास रणनीति तो नहीं

देर से ही सही आखिरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पद छोड़ने का ऐलान कर ही दिया। दो दिन पहले जेल से जमानत पर बाहर आए बाहर आए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वे दो दिन में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे और दो-तीन दिन में विधायकों की बैठक में नया मुख्यमंत्री चुना जाएगा। वैसे भी दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल 177 दिन बाद जेल से जमानत पर बाहर आए। सुप्रीम कोर्ट ने शर्त रखी कि वो मुख्यमंत्री ऑफिस नहीं जाएंगे और न ही किसी फाइल पर साइन करेंगे। यानी जेल से बाहर आने और मुख्यमंत्री रहते हुए भी उनके पास पावर नहीं है। सरकार कैबिनेट भरोसे चल रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान भी केजरीवाल जेल से बाहर आए थे, तब भी यही शर्तें थी। ऐसी में दिल्ली की व्यवस्था पटरी से उतर रही थी। अगर सरकार प्रभावी न हो तो प्रशासन लापरवाह हो जाता है। राजधानी दिल्ली में बीते 177 दिनों में इसका नजारा साफ दिखाई दिया। सरकारी स्तर पर अनेक कार्य लटके हुए थे। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा था। असल में जिस दिन से दिल्ली में आप की सरकार बनी है, उसका केंद्र सरकार से टकराव जगजाहिर है। दोनों एक दूसरें को घेरने के प्रयास में रहते हैं। जिससे न केवल दिल्ली सियासी मैदान बन गई है बल्कि जनता से जुड़े अनेक मसले अदालतों की फाइलों में घूम रहे हैं। अब केजरीवाल ने इस्तीफे का ऐलान करके नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। माना जा रहा है कि विधायक दल की बैठक में आतिशी, कैलाश गहलोत, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज और सुनीता केजरीवाल में से किसी एक को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। क्योंकि केजरीवाल ने अपने इस्तीफे के साथ-साथ यह भी ऐलान कर दिया है कि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी किसी पद पर नहीं रहेंगे। इस ऐलान के पीछे अरविंद केजरीवाल की खास रणनीति भी देखी जा रही है। पांच अक्टूबर को हरियाणा में वोटिंग है। वहां आप ने सभी 90 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। केजरीवाल का पूरा फोकस अब हरियाणा में चुनाव प्रचार पर होगा। जम्मू-कश्मीर में भी आप विधानसभा चुनाव चुनाव लड़ रही है। केजरीवाल वहां भी प्रचार की कमान संभालेंगे। असल में केजरीवाल मुख्यमंत्री पद के दबाव से मुक्त होकर खुद को पूरे देश में स्थापित करने का प्रयास करेंगे। वैसे भी दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2025 में खत्म हो रहा है। यानी सरकार के पास चुनाव में जाने के सिर्फ 5 महीने ही बचे हैं। इस दौरान सरकारें लोकलुभावन चुनावी फैसले लेती हैं। केजरीवाल कोर्ट की शर्तों में बंधे हैं। जेल से छूटने के बाद केजरीवाल के साथ सिंपथी है। दो-तीन महीने पहले दिल्ली में चुनाव की मांग कर केजरीवाल इस सिंपथी को भुनाना चाहेंगे। दिल्ली शराब नीति केस में नाम आने और गिरफ्तारी के बाद से ही भाजपा के नेता अरविंद केजरीवाल से मुख्यमंत्री पद छोड़ने की मांग कर रहे थे। केजरीवाल अब भाजपा नेताओं के हर हमले का जवाब देंगे कि मैंने तो इस्तीफा दे दिया। वे अपने इस्तीफे का प्रचार केवल दिल्ली ही नहीं पूरे देश में करने की योजना पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता को तय करना है कि केजरीवाल ईमानदार है या बेईमान। चुनाव के बाद जनता ने चुना तो पद पर बैठूंगा। इशारा साफ है कि उनकी नजर पांच माह बाद होने वाले दिल्ली विधानसभा के चुनाव पर है। वो किसी भी तरह से दिल्ली के लोगों को प्रभावित करके एक बार फिर मुख्यमंत्री बनने की तैयारी में है। अब देखना होगा कि दिल्ली की जनता उनके इस्तीफे को किस रूप में लेती है।



योजना

प्रो. महेश चंद गुप्ता

# बुजुर्गों के मुफ्त इलाज का फैसला सही

इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि बहुत से बुजुर्गों के पास इलाज के लिए आर्थिक संसाधन नहीं होते, जिससे वे सही समय पर और गुणवत्तापूर्ण इलाज से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में, सरकार द्वारा उनके मुफ्त इलाज की दिशा में बढ़ाए इस कदम को परिहार्य पहल के रूप में देखा जाना चाहिए। इस फैसले से देश के वंचित, शोषित, दलित वर्ग और ग्रामीण परिवेश के बुजुर्गों को सर्वाधिक राहत मिलेगी। अधिकांश बुजुर्गों की आय सीमित अथवा नगण्य होती है और उनके लिए बीमार होने पर इलाज करा पाना एक बड़ी चुनौती व चिंता का विषय होता है। आर्थिक रूप से परेशान बुजुर्गों को जब शारीरिक व्याधियां घेरती हैं तो मानसिक समस्याएं भी दस्तक देने लगती हैं।

केंद्र सरकार ने 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का निःशुल्क इलाज कराने का जो फैसला लिया है, वह दूरगामी फैसला है, जिसकी सराहना की जानी चाहिए। यह एक ऐसा फैसला है, जिसकी वास्तव में जरूरत थी और अगर इसका यथार्थ के धरातल पर सुचारू क्रियान्वयन हो जाता है तो यह निर्णय बुजुर्गों के स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा को नई दिशा देने वाला साबित होगा। यह निर्णय हर लिहाज से महत्वपूर्ण है और इससे बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील सोच के बारे में पता चलता है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में इस बारे में वादा किया था, जिसे पूरा कर दिया गया है। सरकार ने इस फैसले के तहत 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों को सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा देना तय किया है। इसके तहत हर साल पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त में कराया जा सकेगा। माना जा रहा है कि इस योजना के दायरे में देश के करीब साढ़े चार करोड़ परिवार शामिल होंगे और छह करोड़ बुजुर्ग सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। इस फैसले की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्ग, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, उन्हें इस योजना के दायरे में लाया गया है। जैसा कि केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि शुरुआत में इस योजना के लिए 3,437 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

यह भी सराहनीय है कि जो परिवार पहले से आयुष्मान योजना के दायरे में हैं, उन परिवारों के 70 साल पार के बुजुर्गों के लिए हर साल 5 लाख तक का एडिशनल कवर मिलेगा। इसका इस्तेमाल परिवार के अन्य लोग नहीं कर सकेंगे। कई लोगों को यह फैसला मुफ्त की रेवड़ी लग सकता है लेकिन भारत में बुजुर्गों की तेजी से बढ़ रही जनसंख्या के दृष्टिगत यह फैसला सचमुच कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के अनुकूल है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष और उससे अधिक आयु) की जनसंख्या 10.38 करोड़ है। राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग द्वारा गठित जनसंख्या अनुमानों पर तकनीकी समूह की रिपोर्ट के अनुसार 2026 में देश में 60 वर्ष से ऊपर वाले वरिष्ठ नागरिकों की अनुमानित जनसंख्या 17.32 करोड़ होने की उम्मीद है। जिस प्रकार बुजुर्गों की जनसंख्या बढ़ रही है, उसके साथ-साथ उनकी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतें भी बढ़ रही हैं। हमारे समाज में बुजुर्गों की उपेक्षा के मामले सामने आते रहते हैं। देश में वृद्धाश्रमों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, उससे भी घरों में बुजुर्गों की दशा का संकेत मिलता है। भारतीय आबादी के बुजुर्ग होने से आने वाली समस्याओं और उनके निदान व समाधान को ध्यान में रखकर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष व भारत इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पापुलेशन साइंसेज ने पिछले साल जो इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 जारी की है, उसके मुताबिक आज का युवा भारत आने वाले दशकों में तेजी से वृद्ध होते समाज में बदल जाएगा।

2050 तक हर पांच में से एक शख्स बुजुर्ग होगा। सदी के अंत में कुल आबादी में 36 फीसदी वृद्ध होंगे, जो अभी महज 10.1 फीसदी हैं। देश में बुजुर्गों की आबादी बढ़ने का सिलसिला 2010 से शुरू हुआ है। मौजूदा



चलन के मुताबिक तकरीबन 15 साल में 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के नागरिकों की संख्या दोगुनी हो रही है। इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि बहुत से बुजुर्गों के पास इलाज के लिए आर्थिक संसाधन नहीं होते, जिससे वे सही समय पर और गुणवत्तापूर्ण इलाज से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में, सरकार द्वारा उनके मुफ्त इलाज की दिशा में बढ़ाए इस कदम को एक परिहार्य पहल के रूप में देखा जाना चाहिए।

सरकार के इस फैसले से देश के वंचित, शोषित, दलित वर्ग और ग्रामीण परिवेश के बुजुर्गों को सर्वाधिक राहत मिलेगी। हमारे देश में इन वर्गों के अधिकांश बुजुर्गों की आय सीमित अथवा नगण्य होती है और उनके लिए बीमार होने पर इलाज करा पाना एक बड़ी चुनौती व चिंता का विषय होता है। आर्थिक रूप से परेशान बुजुर्गों को जब शारीरिक व्याधियां घेरती हैं तो मानसिक समस्याएं भी दस्तक देने लगती हैं। कई बुजुर्ग तो दूसरों को बीमार देखकर असहज और चिंतित महसूस करते हैं कि अगर वह बीमार पड़ गए तो इलाज कैसे हो पाएगा? यकीनन, मुफ्त इलाज की इस व्यवस्था से उन्हें न केवल इस चिंता से मुक्त करने में मदद मिलेगी, बल्कि इससे उनके खुश रहने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। यह बात प्रमाणित है कि जब बुजुर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं सहजता से सुलभ होती हैं तो वे समय पर अपना इलाज करवा सकते हैं। इससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार होता है और उम्र संबंधी बीमारियों की गंभीरता को कम करने में भी मदद मिलती है। यह निर्णय सामाजिक न्याय और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे सरकार यह सुनिश्चित करना चाह रही है कि आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्गों को भी समान स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले, जो उनके सामाजिक अधिकारों का हिस्सा है। इसे फैसले के कई लाभ और भी होंगे। जब निःशुल्क उपचार होगा तो परिवार में बुजुर्गों को बोझ नहीं माना जाएगा। यह योजना निश्चित रूप से सराहनीय है लेकिन इसका सही एवं सुचारू क्रियान्वयन हो, इसे सुनिश्चित करना भी सरकार की बड़ी जिम्मेदारी होगी। इस योजना के कारण सरकारी अस्पतालों पर काम का दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। हमारे दूरदराज के अस्पतालों में संसाधनों एवं डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ की कमी इसमें बाधक हो सकती है। इसके लिए न केवल डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ के रिक्त पद भरने होंगे बल्कि अन्य जरूरी संसाधन भी जुटाने होंगे।

योजना के तहत इलाज कराने आए बुजुर्गों को अस्पतालों में प्राथमिकता के आधार पर देखा जाए, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए क्योंकि बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए लंबी कतारों में घंटों तक बारी आने का इंतजार बहुत कष्टदायक होता है। इससे वह इलाज के प्रति विमुख भी होते हैं। इसी के साथ-साथ एक प्रभावी प्रशासनिक ढांचे को भी विकसित करना जरूरी होगा, जो इस महत्वाकांक्षी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित बना सके। सरकारी अस्पतालों के ढांचे में सुधार, जरूरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत और संसाधनों के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

यह फैसला एक सामाजिक और स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सरकार अगर इसकी आयु सीमा को घटा कर साठ वर्ष कर दे तो यह और ज्यादा प्रभावकारी होगा क्योंकि रिटायरमेंट की उम्र 58 या 60 साल ही है। सरकार को इस योजना में भी इसी उम्र को आधार मानना चाहिए। यह फैसला न केवल बुजुर्गों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा, बल्कि समाज को बुजुर्गों के प्रति और न्यायपूर्ण बनाने में भी योगदान देगा। अगर यह निर्णय सही तरीके से यथार्थ के धरातल पर लागू हो पाता तो यह हमारे समाज के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित हो सकता है।

जिहाद

कल्लोल चक्रवर्ती



# निशाने पर भारतीय रेल

पिछले कुछ समय से खासकर उत्तर प्रदेश और राजस्थान में रेलगाड़ियों को पलटाने की साजिश रचने की घटनाएं भीषण और चिंताजनक हैं। विगत आठ सितंबर को कानपुर-कासगंज रेलवे लाइन पर मुंडेरी रेलवे क्रॉसिंग के पास भिवानी की ओर जा रही कालिंदी एक्सप्रेस एल.पी.जी. से भरे एक सिलेंडर से टकराई, तो ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। गनीमत यह रही कि सिलेंडर फटा नहीं। ट्रैक पर पेट्रोल की आधी भरी बोतल, माचिस और सफेद पाउडर से भरा बैग मिला। माना जा रहा है कि यह ट्रेन को डिरेल करने की कोशिश थी। आतंकी साजिश के शक में एन.आई.ए. इसकी जांच कर रही है। उसी दिन राजस्थान में अजमेर जिले के सराधना और बांगड़ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की दो रेल पटरियों पर सीमेंट के 70-70 किलोग्राम के वजनी ब्लॉक डालकर मालगाड़ियों को पटरी से उतारने की कोशिश की गई।

दो मालगाड़ियां सीमेंट के ब्लॉक से टकराईं भी, लेकिन कोई नुकसान नहीं हुआ। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को निशाना बनाने की कोशिश का अर्थ है कोयला, लोहा, सीमेंट, अनाज आदि ले रही मालगाड़ियों को ध्वस्त कर भारत को आर्थिक झटका देना। रेल मंत्रालय ने इस मामले का संज्ञान लिया है और पुलिस ने इसकी जांच के लिए एसआईटी बनाई है। ये इस तरह की इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं। पिछले महीने भी रेल पटरियों पर साजिश रचने के कई मामले सामने आए थे। इन दिनों रेल पटरियों को निशाना बनाने की टाइमिंग पर गौर करना भी जरूरी है। लोकसभा चुनाव के बाद अब आगे-पीछे चार राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, जिनमें से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद हो रहे चुनाव भारतीय लोकतंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। यह मानने का कारण है कि जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दशकों से आतंकी घटनाओं को प्रायोजित और वित्तपोषित करने वाला पाकिस्तान वहां होने जा रहे चुनाव से खुश नहीं है, और किसी न किसी तरह भारत के विकास पथ को बाधित या अवरुद्ध करने की साजिश में लगा है। चुनावी माहौल के बीच सुरक्षा के मामले में चाक-चौबंद जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमला करना आसान नहीं है। इसी कारण देश के अलग-अलग इलाकों में रेल ट्रैक पर साजिश रचकर भारत को आर्थिक झटका देने की साजिश रची जा रही है। दूसरी बात यह कि अपने देश में यह त्योहारों का समय है। दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के दौरान ट्रेनों में भारी भीड़ रहती है। लिहाजा इस समय रेलगाड़ियों को पटरी से उतारने की बड़ी साजिश रची जा रही है, ताकि ट्रेनों को बेपटरी कर जान-माल के बड़े नुकसान को अंजाम दिया जा सके।

क्या कुख्यात पाक खुफिया एजेंसी आई.एस.आई. की शह पर अपने यहां रेलगाड़ियों को निशाना बनाया जा रहा है, जिसे रेल जिहाद बताया जा रहा है? हाल ही में पाक आतंकवादी फरहतुल्ला गोरी ने टेलीग्राम पर एक वीडियो जारी कर अपने लोगों को भारत में रेल ढांचे को अस्थिर करने के लिए उकसाया है। गोरी पर इससे पहले भी भारत में हुए आतंकी हमलों पर हाथ होने का शक है। एनआईए और रेल सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों का मानना है कि इन हमलों के पीछे किसी संगठित आतंकी गिरोह का नहीं, बल्कि ऑनलाइन आतंकी ट्रेनिंग लेने वाले सिरफिरों का हाथ हो सकता है। कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश में आईएसआईएस के खुरासान मॉड्यूल पर भी शक है। आईएसआई की लिप्तता से तो इनकार किया ही नहीं जा सकता, जिसे भारत की लोकतांत्रिक प्रगति हजम नहीं हो रही। घटनास्थलों से गन पाउडर, पेट्रोल और विस्फोटक पदार्थों की मौजूदगी बड़े नुकसान की साजिश के बारे में बताती है। वे यह भी कह रहे हैं कि षड्यंत्रकारी सड़क, खासकर जी.टी. रोड से नजदीक पड़ने वाली रेल पटरियों को निशाना बना रहे हैं, क्योंकि सड़कों से रेल पटरियों तक विस्फोटक और दूसरे सामान ले जाना आसान है। ऐसी लगातार घटनाओं का होना न केवल षड्यंत्रकारियों की खूनी साजिश के बारे में बताता है, बल्कि पटरियों की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद न होने पर बड़ा रेल हादसा हो सकता है, और निशाने पर और भी जगहें हो सकती हैं। अब भी यही कहा जा रहा है कि रेलवे ट्रैक की निगरानी बढ़ाकर ही देश-विरोधी साजिशों को विफल किया जा सकता है।

## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित

दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े



संकलित

प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हिंदी राष्ट्रभाषा क्यों नहीं

14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। भारत में कई राज्य और कुछ केंद्र शासित प्रदेश हैं। इन सभी में लोग अपनी मातृभाषा का प्रयोग करते हैं। यह अच्छी बात है कि मातृभाषा का प्रयोग करना चाहिए, लेकिन देश की राजभाषा हिंदी को भी उतना ही सम्मान देना चाहिए जितना मातृभाषा को। आज हिंदी कुछ अंग्रेजी कारण तो कुछ स्थानीय भाषाओं के बीच पिस रही है। इस कारण आजादी के इतने सालों बाद भी हिंदी को वो उच्च स्थान नहीं मिल सका है, जो मिलना चाहिए। कहा जाता है कि चार कोस पर बदले पानी, आठ कोस पर वाणी। इसलिए यहां कोई एक बोली नहीं है, बल्कि कई बोलियां हैं। वो प्रदेश के एक-दूसरे व्यक्ति को समझ कम आती हैं, इसलिए यहां हिंदी का प्रयोग भी महत्वपूर्ण है। यह दुखद है कि हिंदी ओछी राजनीति के कारण राष्ट्रभाषा नहीं बन पा रही है।

– *संजय सोनी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### आसान होगा सफर

टाटा नगर में आज जिन 6 'वंदे भारत' को हरी झंडी दिखाई गई है, उनसे पूर्वी भारत में लोगों का सफर आसान होगा। इससे जहां औद्योगिक विकास को और गति मिलेगी, वहीं युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### संघर्ष व समर्पण को सलाम

महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस पर सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को बधाई और शुभकामनाएं। आपका अथक परिश्रम भारत की महिलाओं को सशक्त बनाने में एक अहम भूमिका निभा रहा है। उनके सम्मान, समानता और सुरक्षा के लिए आपके संघर्ष और समर्पण को सलाम है।


-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### अब 2025 में मिलेंगे

2024 ने मुझे एक बेहतर एथलीट और इंसान बनाया है। यह एक ऐसा सीज़न था जिसमें मैंने बहुत कुछ सीखा। मैं आपके प्रोत्साहन के लिए आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। 2025 में मिलेंगे।

- नीरज चोपड़ा, भारतीय एथलीट



### बैकवर्ड इंटीग्रेशन

बचपन में जब बाबूजी के केबल बिजनेस को देखता, तो खुद से सवाल करता: "क्या ये केबल हम खुद बना सकते हैं?" बिजनेस लैंग्वेज में इसको बैकवर्ड इंटीग्रेशन कहा जाता है। यहीं से ज़मीन के नीचे दबे ख़ज़ाने से मेरी लव स्टोरी शुरू हुई।

-अनिल अग्रवाल, भारतीय व्यवसाई



## करंट अफेयर

### पाक को भारत की शिक्षा प्रणाली अपनाने की सलाह


एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान को खराब शिक्षा प्रणाली को सुधारने और अपने नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भारत की योजना 'उल्लास' को अपनाने की सलाह दी है। समाज में सभी के लिए आजीवन शिक्षा की समझ (उल्लास) को भारत सरकार द्वारा पिछले वर्ष जुलाई में निरक्षरों और औपचारिक स्कूली शिक्षा से वंचित वयस्कों की सहायता के लिए शुरू किया गया था। समाचार पत्र 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, मनीला आधारित एडीबी ने यह टिप्पणी पाकिस्तान द्वारा अपनी शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने तथा स्कूल न जाने वाले सभी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता का अनुरोध किए



## ऑफ बीट

### जीवों की मृत कोशिकाओं से उत्पन्न 'बायोबॉट्स'

अंग दान जैसी प्रथाएं इस बात पर प्रकाश डालती हैं कि कैसे जीव की मृत्यु के बाद भी अंग, ऊतक और कोशिकाएं काम करना जारी रख सकती हैं। इस लचीलेपन से यह सवाल उठता है कि कौन सी क्रियाविधि कुछ कोशिकाओं को किसी जीव की मृत्यु के बाद भी काम करते रहने देती है? हम अनुसंधानकर्ता हैं जो यह जांच करते हैं कि जीवों के मरने के बाद उनके अंदर क्या होता है। हमारी हाल ही में प्रकाशित समीक्षा में, हमने बताया है कि कैसे कुछ कोशिकाएं मृत्यु के बाद नए कार्यों के साथ बहुकोशिकीय जीवों में बदलने की क्षमता तब रखती हैं जब पोषक तत्व, ऑक्सीजन, बायोइलेक्ट्रिसिटी या जैव रासायनिक संकेत प्रदान किए जाते हैं।



संक्षेप

## संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। संकुल जमुनहा बाबागंज के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय कन्हैयालाल पुरवा में किया गया। संकुल प्रभारी करुणा कृष्ण श्रीवास्तव की देख-रेख में आयोजित इस बैठक में शिक्षक-शिक्षकाओं द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तरीय शिक्षण योजना एवं टीएलएम का प्रस्तुतिकरण किया गया। बैठक में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निपुण लक्ष्य हासिल करने की कार्य योजना तथा विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता, प्रति विद्यालय से 10 छात्र-छात्राओं के नवोदय फॉर्म प्रगति, इंस्पायर अवार्ड फॉर्म, सत्र परीक्षा 2024 एवं सतत विकास हेतु विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए करुणाकृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि सभी शिक्षक साथी बैठक में प्राप्त जानकारियों का समक्य प्रयोग करते हुए बच्चों के चतुर्दिक विकास में भागीदार बनेंगे। बैठक में संकुल शिक्षक नवनीत कुमार प्रेमी, अब्दुल कदीर, आनंद आर्या, रजनीश दुबे तथा शिक्षक विनोद गिरि, जीतेन्द्र शर्मा, वैभव सिंह विशेन, अजय मिश्रा, अरविंद कौल, कैलाशनाथ वर्मा, विनय सिंह, सत्यभानु पटवा, गीता देवी, पूजा मिश्रा, पवन गुप्ता सहित भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## अमरोहा में अचानक बढ़ा गंगा का जलस्तर

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा में इन दिनों गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण तिगरी मेला स्थल पूरी तरह से डूब गया है। घाट की सड़क को छोड़कर सभी स्थानों पर पानी ही पानी नजर आ रहा है। पुरोहितों की झोपड़ियां और दुकानदारों की दुकानें भी डूब गई हैं और वे सड़क पर शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। पिछले कुछ दिनों से पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। हरिद्वार और बिजनौर बैराज से लगातार पानी गंगा नदी में छोड़ा जा रहा है। सोमवार को हरिद्वार बैराज से 86,152 क्यूसेक और बिजनौर बैराज से 91,543 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके चलते तिगरी गंगा का जलस्तर 200.40 सेमी दर्ज किया गया है, जबकि रविवार को यह जलस्तर 200.50 सेमी था। गंगा नदी का खतरे का निशान 202.00 सेमी है, जिससे वर्तमान में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से लगभग डेढ़ मीटर दूर है। अगर गंगा का जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो अमरोहा में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। फिलहाल, गंगा किनारे बसे गांवों में पानी बाहरी कोनों तक पहुंच चुका है और यदि जलस्तर में और वृद्धि हुई तो गांवों में भी पानी घुसने की आशंका है। बाढ़ खंड तिगरी के जेई अनवर बहादुर खान ने बताया कि फिलहाल गंगा खतरे के निशान से दूर है। हालांकि, प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है और बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हर स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है और आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं

# किसान गोष्ठी में सम्मानित हुए किसान

### सोनालिका कंपनी की ओर से आयोजित किसान गोष्ठी में की गयी विशेष ट्रैक्टर मॉडल टाइगर सीरीज की लॉन्चिंग

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। चौधरी ट्रैक्टर्स कैसरगंज की ओर से एक किसान गोष्ठी एवं किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प माला तथा दीप प्रज्वलित कर किया।सोनालिका कंपनी द्वारा आए हुए कंपनी के एरिया मैनेजर धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कंपनी की विशेषताओं एवं आगामी त्योहारों के उपलक्ष में कंपनी द्वारा चलाई जा रही एक लकी ड्रा स्कीम के बारे में किसानों को जानकारी दी तथा एक विशेष ट्रैक्टर मॉडल टाइगर सीरीज की लॉन्चिंग भी किया एजेंसी के प्रोपराइटर कौशलेंद्र चौधरी व रामेंद्र चौधरी द्वारा आए हुए सभी किसानों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। किसानों ने ट्रैक्टर की खरीदारी की एवं एडवांस बुकिंग भी कराई गयी इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह, महामंत्री शिवानंद सिंह, सर्विस एरिया मैनेजर अरविंद कुमार, यज्ञेश पाल, पीयूष, सेल्समेन संदीप श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, लवकुश वर्मा, रामपराग वर्मा, सहित अजय प्रताप सिंह गुड्डू, राम छबीले वर्मा, मोहम्मद शरीफ, सिराजुल, प्रेम वर्मा आत्माराम यादव, अरविंद वर्मा, संजय बाबू, जगदेव, माता प्रसाद, मनोज वर्मा आदि सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में बालिका की मौत, तीन घायल

बाबागंज, बहराइच। थाना रिसिया निवासी अल्फिया पुत्री नूरहमद उम्र लगभग 9 वर्ष की बीती रात ई-रिक्शा व बस एक्सीडेंट में मृत्यु हो गई। उसकी मौत से परिवार में मातम छा गया। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात प्राइवेट बस रूपईडीहा से नानपारा की ओर जा रही बनकुरी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर चालक ने पीछे से ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। चिकित्सकों ने ई-रिक्शा पर सवार अल्फिया पुत्री नूरहमद को मृत घोषित कर दिया जबकि ई-रिक्शा में सवार मृतक के पिता नूरहमद व फरीदा पत्नी नूरहमद निवासी मूर्तजापुर थाना रिसिया जनपद बहराइच व कन्हईलाल निवासी सुजौली घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद राहगीरों ने सड़क दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने सभी घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में त्वरित इजाल के लिए भर्ती कराया। इस मौके पर बाबागंज चौकी इंचार्ज रामगोविन्द वर्मा, आरक्षी भरत यादव उपस्थिति रहे।

# विधायक बलहा ने बाढ़ प्रभावित लोगों को वितरित किया खाद्यान्न किट



अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। तहसील महसी अन्तर्गत बाढ़ व कटान से प्रभावित लोगों को राहत पहंचाये जाने के उद्देश्य से शासन व जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न किट, पशुओं के लिए भूसा वितरण किये जाने के साथ-साथ सामुदायिक रसोई के माध्यम से तैयार भोजन का वितरण किया जा रहा है। विधायक बलहा सरोज सोनकर ने उप जिलाधिकारी मोतीपुर संजय कुमार व तहसीलदार अम्बिका प्रसाद चौधरी व अन्य के साथ ग्राम गिरगिट्टी के बाढ़ प्रभावित लोगों को खाद्यान्न किट का वितरण किया। उल्लेखनीय है कि एसडीएम मोतीपुर के नेतृत्व में तहसील प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्राम जंगल गुलरिया पशुओं के चारे की व्यवस्था के तहत भूसे का वितरण किया गया। जबकि बाढ़ प्रभावित ग्राम में सामुदायिक रसोई का संचालन कर प्रभावित लोगों को लंच पैकेट का वितरण किया जा रहा है।

## सौ प्रतिशत विकलांग को भी नहीं मिल रहा विकलांगता पेंशन का लाभ

### गरीबों को सरकारी योजनाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी आखिर किसकी

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया निवासी सौ प्रतिशत विकलांगता वाले व्यक्ति को विकलांग पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा। सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों और पात्रों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी आखिर किसकी जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया हार निवासी रज्जन पुत्र मुस्तफा ने बताया कि वह काफी अधिक विकलांग है और उठने बैठने में भी असमर्थ है। मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा उसका 100% का विकलांगता सर्टिफिकेट जारी है। पीड़ित के परिजनों द्वारा 5 अगस्त 2021 को विकलांग पेंशन हेतु विकलांग जन विकास विभाग में आवेदन किया गया था। काफी दिन बीत जाने के बावजूद आज तक उसे विकलांग पेंशन नहीं मिली है। इस संबंध में पीड़ित अपने परिजनों के साथ कई बार जिला व विकासखंड मुख्यालय के चक्कर लगाए हैं किंतु परिणाम शून्य ही रहा। संबंध में वीडीओ शिवपुर राजेंद्र प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रार्थना पत्र संलग्नक आवेदन सहित प्राप्त होने पर पीड़ित की हर संभव मदद की जाएगी। गरीबों को योजनाओं का सत प्रतिशत लाभ दिलाना ही हमारा मकसद है। अब देखना है कि क्या इस सौ प्रतिशत विकलांग व्यक्ति को विकलांगता पेंशन मिल भी पाती है अथवा ऐसे ही जिम्मेदार अनदेखी करते रहेंगे।

## तीन दिन पूर्व शौच को गए युवक का बंधे के किनारे उतराता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत लौकिहा गांव निवासी राधेश्याम कश्यप पुत्र बहादुर उम्र लगभग 41 वर्ष का शव मंगलवार की प्रातः शिवपुर चौराहे के पास बेलहा बहरौली तटबंध के किनारे बाढ़ के पानी में उतराता पाया गया। परिजनों का कहना है कि 15 सितंबर की शाम मृतक अपने घर से शौच के लिए निकला हुआ था। काफी देर तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने काफी खोजबीन किया किंतु कुछ पता नहीं चल सका। तटबंध के किनारे बाढ़ के पानी में शव को उतराता देखकर ग्रामीणों की काफी अधिक भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी जिस पर मौके पर पहुंची खैरीघाट पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम कर बहराइच भेज दिया है। संबंधित लेखपाल ने मौके का निरीक्षण का रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की है तो वहीं थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया है कि बेलहा बहरौली तटबंध के किनारे शिवपुर चौराहे के पास बाढ़ के पानी में शव उतराता मिला है जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बाढ़ व कटान प्रभावित क्षेत्रों में हुआ 6908 खाद्यान्न किट का वितरण

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनपद बहराइच अन्तर्गत बाढ़ व कटान से प्रभावित तहसील नानपारा, मिहींपुरवा ( मोतीपुर ), महसी एवं कैसरगंज में प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाये जाये ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के निर्देश पर अब तक 10381 लंच पैकेट, 6908 खाद्यान्न किट तथा 7564 अदद त्रिपाल का वितरण किया गया है। प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1470 डिग्निटिकिट, 13130 ओ.आर.एस. तथा 48131 क्लोरीन टैबलेट का वितरण किया गया है। तहसीलवार बात की जाय तो तहसील नानपारा में 386 लंच पैकेट, 211 खाद्यान्न किट व 88 अदद त्रिपाल, मिहींपुरवा ( मोतीपुर ) में 9875 लंच पैकेट, 4036 खाद्यान्न किट व 3936 अदद त्रिपाल, महसी में 120 लंच पैकेट, 1040 खाद्यान्न किट व 3540 अदद त्रिपाल तथा तहसील कैसरगंज में 1621 लोगों को खाद्यान्न किट का वितरण किया गया है। इसके अलावा प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1470 डिग्निटिकिट, 13130 ओ.आर.एस. तथा 48131 क्लोरीन टैबलेट का वितरण किया गया है।

## प्रातः टहलने गई महिला को सांड ने पटककर उतारा मौत के घाट

### अवारा पशुओं के आतंक से परेशान है जन आवाम

अमन लेखनी समाचार




शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत इमामगंज मार्ग पर मंगलवार प्रातः लगभग 5:30 बजे इमामगंज कस्बा निवासी राजू पाल की पत्नी कुसमा देवी उम्र लगभग 35 वर्ष प्रतिदिन की भांति टहलने के लिए निकली हुई थी। वहीं रास्ते में खडे सांड ने अचानक हमला कर दिया। सांड ने कई बार सींग से उठा कर कुसमा देवी को पटका। पीड़िता के चीखने चिल्लाने से एकत्रित हुए लोगों ने परिजनों को सूचना दिया जिस पर आनन फानन मे परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संबंध में सूचना थानाध्यक्ष खैरीघाट संजय कुमार सिंह से जुटाई गई तो उन्होंने बताया कि सूचना मिली है, शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया गया है।

## दूसरे दिन भी अधिवक्ताओं नें एसडीएम के खिलाफ किया प्रदर्शन व नारेबाजी

### एसडीएम अपने व्यवहार को बदले नही तो आंदोलन रहेगा जारी : पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्र

अमन लेखनी समाचार/सिराज अली

कैसरगंज, बहराइच। बार एसोसिएशन कैसरगंज के अधिवक्ताओं ने द्वितीय दिन भी उपजिलाधिकारी कैसरगंज आलोक प्रसाद के व्यवहार व आचरण तथा अमर्यादित भाषा के विरोध में उनके न्यायालय के सामने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की तथा द्वितीय दिन भी एसडीम कैसरगंज आलोक प्रसाद के कोर्ट का बहिष्कार जारी रहा और अधिवक्ताओं में उनके खिलाफ काफी रोष व्याप्त रहा। कई बार एसोसिएशन कैसरगंज के अध्यक्ष रह चुके गंगाधर मिश्र ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर तहसील के किसी भी प्रशासनिक अधिकारी व न्यायिक अधिकारी तथा कर्मचारी गण अधिवक्ताओं से कुछ सीखना चाहते है तो हम अधिवक्ता गण ऐसे लोगो का सहयोग करते हुए अपना न्याय कार्य सुचारू रूप से करते रहेंगे। लेकिन अगर कोई तहसील में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारी अधिवक्ताओं से अमर्यादित भाषा व दुर्व्यवहार करेगा तो ऐसे लोगों के खिलाफ मेरा संगठन आंदोलन करने में व कड़े से कड़े निर्णय लेने में सक्षम है और आर पार की लड़ाई लड़ेगा। इसी क्रम में पूर्व अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि तहसील के किसी भी अधिकारी कर्मचारी को अगर अधिवक्ताओं का सम्मान नहीं करना है तो तहसील छोड़कर चले जाएं या स्वतः अपना ट्रांसफर करा लें। इस प्रदर्शन में बार एसोसिएशन कैसरगंज के अध्यक्ष बृजेश प्रसाद मिश्र व महामंत्री ज्ञान बाबू वर्मा, विजय प्रताप सिंह, राज किशोर यादव, विनोद कुमार चौहान, सत्यशरण सिंह, नसीब खान, मनोज सिंह, बालक राम सरोज, दयाराम यादव, नारायण शर्मा, मनोज मिश्रा, रमेश वर्मा, अखिलेश यादव, मंशाराम यादव सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## शाहपुर-भोजपुर बंधे पर राप्ती नदी का कटान तेज

### बांध को सुरक्षित करने में जुटा महकमा, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर के शाहपुर-भोजपुर बांध पर स्थित भनवापुर ब्लाक के बामदेई गांव के पास राप्ती नदी तेजी से कटान कर रही है। जानकारी होने के बाद कटान को रोकने के लिए सिंचाई विभाग युद्ध स्तर पर जुटा हुआ है। बीते दिनों दिनों नेपाल के पहाड़ों पर हुई बारिश से राप्ती नदी का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ गया। इसके बाद बामदेई , राउतडीला , सिसवा, असनहरा, बेव मुस्तहकम, जहदा मुस्तहकम, गोपियां , बेतनार, जूड़ीकुइयां, विशुनपुर औरंगाबाद, गागापुर ,खन्ता आदि तटवर्तीय गांव में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। वर्तमान में सबसे भयावह स्थिति राप्ती तट पर बसे बामदेई गांव की है। यहां राप्ती नदी शाहपुर - भोजपुर बांध को अपना निशाना बना रही है। ग्रामीणों में भय का माहौल का है कि यदि बांध कटा तो राप्ती नदी पूरे गांव को ही अपने कोख में समाहित कर लेगी। गांव के अस्तित्व पर खतरा मंडराते देख ग्रामीणों ने गांव वालों ने इसकी जानकारी एसडीएम डुमरियागंज और सिंचाई विभाग को दी। बांध पर हो रहे कटान को रोकने के लिए तहसील प्रशासन ने सिंचाई विभाग पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है। कटान को रोकने के लिए बांध किनारे इट भरी बोरियां, पेड़, बोल्डर नदी में डाले जा रहे हैं, ताकि कटान को रोका जा सके लेकिन अब तक पूर्ण रूप से सफलता मिल नहीं सकी है। यदि यह बांध कटा तो दर्जनों गांव भारी तबाही होगी। एई अशोक भारती ने बताया कि कटान की स्थिति नियंत्रण में हैं, नदी का जलस्तर भी कम हो रहा है। कटान से बचाव सम्बन्धी कार्य प्रगति पर है। दिन रात बराबर निगरानी की जा रही है, कटान से बचाव सम्बन्धी कार्य जारी है। मौके पर सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता सुरेंद्र मोहन वर्मा, एक्सईएन सतीश कुमार, एई अशोक कुमार भारती, जेई नागेंद्र कुमार कांडू भी पहुंचे। मिथिलेश लाल दास, ज्ञान शंकर, प्रेमप्रकाश पांडेय, अताउल्लाह, सलीम, राज सहित ग्रामीणों की भीड़ भी मौजूद रही।

# बांदा में विसर्जन स्थल का एडीएम ने लिया जायजा

- केन नदी के तट पर साफ-सफाई रखने, रास्ते को ठीक करने का दिया निर्देश

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा में केन नदी के तट पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन होगा। एडीएम ने तट का आज स्थलीय निरीक्षण किया और बताया कि केन नदी तट पर शहर क्षेत्र और आसपास की गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन और संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया की विसर्जन से संबंधित सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। एडीएम राजेश कुमार ने कहा कि तट के आस-पास साफ-सफाई और सुरक्षा के विशेष प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाएं। विसर्जन मार्ग सहित अन्य सड़कें गड्ढा मुक्त रहें। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के संबंध में निर्देश देते हुए कहा की प्रतिमाओं को निकालने में किसी भी तरह की अड़चन न हो। रास्ते को व्यवस्थित कर लिया जाए। पानी के बहाव को देखते हुए बताया की उन्होंने विशेष सुरक्षा व्यवस्था रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित व्यक्तियों को ही विसर्जन के जल में प्रवेश करने की अनुमति प्रदान की जाएगी। जिससे किसी तरह की अनहोनी घटना होने से बचा जा सके। एडीएम राजेश कुमार ने बताया की विसर्जन स्थल पर बैरिकेडिंग लगाए जाने, तट पर साफ सफाई एवं मलबा हटाए जाने के लिए कहा गया है।

# भेंटुआ धान के खेत में पड़ा मिला नवजात

### कलयुगी मां ने ममता को किया शर्मसार

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में एक मां ने अपने नवजात बच्चे को धान के खेत में फेंक दिया। एक ग्रामीण महिला ने बच्चे को देखा और उसे सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने बच्चे का इलाज किया और उसे जिला अस्पताल के एमएनसीयू में अमेठी कलयुगी मां ने नवजात बच्चे को धान के खेत में फेंक दिया। एक ग्रामीण महिला ने नवजात को देखा तो उसे लेकर के सीएचसी पहुंची। वहां अधीक्षक ने जननी सुरक्षा वार्ड में बच्चे का प्रारंभिक इलाज करने के बाद सीएमओ को सूचना दी। जिसके बाद बच्चे को जिला अस्पताल के एमएनसीयू में भर्ती कराया गया है। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह भेटुआ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धारमीरपुर गुदुरावा में धान के खेत में एक नवजात पड़ा हुआ था। गांव निवासी शकुंतला कश्यप पत्नी गुड्डू ने बच्चे को देखा तो वह उसके पास गई। बच्चा जीवित था। महिला बच्चे को लेकर भेटुआ सीएचसी पहुंची। जहां सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिमन्यु वर्मा ने बच्चे को जननी सुरक्षा वार्ड में शिफ्ट कराया। वहां बच्चे का प्राथमिक इलाज किया गया। जिसके बाद प्रकरण की सूचना सीएमओ को दी गई। सीएमओ के प्रयास से बच्चे को तत्काल जिला अस्पताल गौरीगंज के एमएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। वहां सीएमओ ने जाकर बच्चे की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि बच्चा ठीक स्थिति में है। उसका वजन लगभग 2100 ग्राम है।

## राजनीतिक हिस्सेदारी के प्रति जागा वैश्य समाज

- सुल्तानपुर में हमारा समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले- इकट्ठे होकर करेंगे प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश का वैश्य अब राजनीतिक हिस्सेदारी के प्रति जाग चुका है। अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हाल ही में लखनऊ से कटेहरी जाते समय सेमरी बाजार में ये बयान दिया और कहा कि वैश्य समाज जल्द ही अपने राजनीतिक दल के झंडे तले इकट्ठा होकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करेगा। अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र राजेश गुप्ता के निर्देशन में जयसिंहपुर बाजार निवासी मुकेश कुमार अग्रहरि को विधानसभा अध्यक्ष जयसिंहपुर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर पार्टी के सदस्यों और समर्थकों ने खुशी जताई और उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुकेश कुमार अग्रहरि ने पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों पर चलकर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया है। सेमरी टोल प्लाजा पर जिलाध्यक्ष सुनील कसौधन और वरिष्ठ नेता दिलीप गुप्ता ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। सेमरी बाजार में वैश्य समाज के लोगों ने संजय सोनी की अगुवाई में राष्ट्रीय अध्यक्ष रविशंकर अंगारा, प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र राजेश गुप्ता और प्रदेश प्रवक्ता सुशील अग्रहरि का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान स्वागत करने वालों में दिलीप जायसवाल, राजीव कसौधन, सूरज अग्रहरि, मुन्ना अग्रहरि, जोखू ठठेर, रंजीत ठठेर, विजय कसौधन, सचिन, पवन, आलोक, उदयभान, अशोक, पुल्लू, रवि, चंदन और सुरेश शामिल रहे। मुकेश कुमार अग्रहरि की विधानसभा अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के बाद, पार्टी की नीतियों के अनुसार कार्य कर समाज को राजनीति में बेहतर प्रतिनिधित्व देने की उम्मीद जताई गई है। इस नियुक्ति पर दिलीप कुमार गुप्ता, रामू मोदनवाल, अंकित जायसवाल, राजीव कसौधन, मोहित अग्रहरि जैसे कई लोगों ने खुशी व्यक्त की है।

# संक्षेप

## रास्ता रोका तो विरोध करने पर पीटा, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के शेरगढ़ निवासी सुरज पुत्र रामकेवाल रविवार को रात्रि में 9 बजे रिश्तेदार के यहा से घर वापस आ रहा था। काली माता के स्थान पर पहुंचा था की मनबढ़ मोटर साइकिल से रास्ता रोककर खड़े थे। रास्ता छोड़ने को कहा तो मनबढ़ अपने दो अन्य साथियों के मिलकर गाली गलौज करते हुए लात मुक्को तथा लोहे के रॉड से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रणजीत तथा उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## सड़कों पर बह रहा नदियों का पानी

सीतापुर, सीतापुर में झमाझम बारिश बैराजों से छोड़े जा रहे लाखों क्यूसेक पानी का असर तराई इलाके में दिखने लगा हैं। गांजर में बहने वाली शारदा और घाघरा नदियों के उफनाने से एक बार फिर जलस्तर बढ़ रहा हैं। तटवर्ती इलाके में जिसका असर देखने को मिल रहा हैं। गांजर में बह रही घाघरा और शारदा नदियों उफनाने से गांजर के कई गाँवो में बाढ़ का पानी संपर्क मार्गो पर बहने लगा है। शाम शारदा,घाघरा/गिरिजा और बनबसा बैराज से 4 लाख 51 हजार 791 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। बैराजों से छोड़े गए पानी से गाँवो के संपर्क मार्गो पर तीसरी बार बाढ़ ने दस्तक दी हैं। अत्यधिक पानी छोड़े जाने से बिसवां तहसील क्षेत्र में बाढ़ से हालात काफी बिगड गए हैं। मारुबेहड़ से गुरगुच पर सम्पर्क मार्ग पर बाढ़ के पानी तेज धार के साथ बह रहा हैं। नदियों का पानी तहसील क्षेत्र के ग्राम म्योड़ी छोल्हा, श्रीरामपुरवा, गौलोक कोड़र के नई बस्ती, दुगार्पुरवा, लोधपुरवा, संबारीपुरवा, आशारामपुरवा, निर्मलपुरवा, रामलालपुरवा, संतरामपुरवा, सुकईपुरवा, मरैली, दर्जिन रेती,छोटी जंगल टपरी, पासिन पुरवा,लाला पुरवा, ठेकेदार पुरवा सहित दो दर्जन से अधिक मजरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गुरगुचपुर से जंगल टपरी मार्ग, बसंतापुर से रामलालपुरवा मार्ग, बसंतापुर से आजाद नगर मार्ग, ठेकेदारपुरवा से गुरगुचपुर मार्ग संतराम पुरवा, निर्मल पुरवा,कंडी एवं गौढ़ी के निकट एवं हरिहरपुर कुसमौरा मार्ग पर पानी भर जाने से आवागमन पूरी तरह से ठप्प हैं। लोंगो को लम्बी दूरी तय करनी पड़ रही हैं। बाढ़ के पानी से करीब दस हजार की आबादी घिरी हुई हैं।

## अनूपशहर में विवाहिता की हत्या का प्रयास

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, बुलंदशहर के जहांगीराबाद निवासी विवाहिता ने अपने हापुड़ निवासी ससुराल जनों के खिलाफ अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर गैस के पाइप से मारने के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि 24 जून 2021 को उसकी शादी शिवम निवासी पिलखुआ के साथ हुई थी।

# फामेर्सी की छात्रा के हत्या के आरोपित के खिलाफ कारवाई करने के लिए किया थाने में प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। क्षेत्र के बड़गो में फामेर्सी छात्रा के आत्महत्या का प्रकरण तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार की शाम को ग्रामीणों ने आरोपित युवक पर कार्रवाई को लेकर थाना का घेराव किया। साथ ही आरोपित युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग रखी। पुलिस ने पीड़ित के स्वजनों से तहरीर मांगी, जिसके बाद लोग शांत हुए और दाह संस्कार करने चले गए। सहजनवां थाना क्षेत्र के बड़गो निवासी 22 वर्षीय फामेर्सी छात्रा प्रियंका का शव घर में कुंडी से लटकता मिला था। मृतिका के स्वजनों ने एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया लेकिन पुलिस केस दर्ज नहीं की। बुधवार को छात्रा का पोस्टमार्टम होने के बाद शव लेकर थाने पहुंच गए। थाना पर पहले से ही गांव के अधिकांश लोग जुट गए थे। शव थाना पर पहुंचते ही ग्रामीण पुलिस पर रिठुआखोर निवासी युवक पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। साथ ही पुलिस पर आरोपित को बचाने का आरोप लगाते हुए थाना का घेराव कर दिया। ग्रामीणों से थाना घिरता देख हरकत में आए पुलिस कर्मी समझाने बुझाने लगे मगर आक्रोशित भीड़ कार्रवाई की मांग पर अड़ी रही। ग्रामीणों के आक्रोश को देख पुलिस ने लोगों ने केस दर्ज करने के लिए तहरीर की मांग किए। मृतिका के स्वजनों का आरोप है कि आरोपित युवक मृतिका से मिलने घर गया था और फांसी लगा कर हत्या करने के बाद फरार हो गया। एसओ विशाल उपाध्याय ने बताया कि स्वजनों से तहरीर मिल गई है, जल्द केस दर्ज किया जायेगा।

## छात्रा को शोहदे रास्ते में कर रहे थे छेड़छाड़ पुलिस ने दो को दबोचा

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के एक इंटर कालेज में पढ़ने वाली छात्रा को कुछ शोहदे रास्ते में अक्सर छेड़ते है। बुधवार को छात्रा ने छेड़छाड़ की सूचना पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने छात्रा के स्वजनों के सहयोग से दो शोहदों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती एक इंटरमीडिएट कालेज में कक्षा 12 वीं की छात्रा है। छात्रा के स्कूल आते जाते समय रास्ता में कुछ शोहदे फब्तियां कसते हुए छेड़ते है। छात्रा ने छेड़छाड़ की सूचना स्वजनों को दी। बुधवार को छात्रा के घर जाते समय शोहदे फिर फब्तियां कसते हुए छेड़ने लगे। छात्रा का भाई भी मौके पर पहुंच गया और विरोध करने लगा, जिसपर शोहदे पीटने लगे। छात्रा ने तत्काल 112 नंबर पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरवी ने दो शोहदों को स्वजनों की मदद से पकड़ कर थाने लेकर चली आई, जहां हिरासत में पूछताछ की जा रही है। एसओ विशाल उपाध्याय ने बताया कि आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

# आईटीएम गीडा ने स्मार्ट इंडिया हैकथान 2024 में प्रतिभाग करने के लिए छात्रों को दी जानकारी



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर में स्मार्ट इंडिया हैकथान -2024 में प्रतिभाग करने के लिए संस्थान के इंजीनियरिंग, प्रबंधन एवं फामेर्सी के छात्रों के छात्रों द्वारा अलग अलग विषयो पर नवाचार के माध्यम से बनाये गये मॉडलों को कार्यक्रम के समन्यवक विनीत राय के निर्देशन मे प्रस्तुत कर उनके बारे में छात्रों द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया इसमें संस्थान से लगभग 20 टीमों ने प्रतिभाग कियो छात्रों द्वारा दिए गए प्रेजेंटेशन का अवलोकन निर्णायक मंडली के द्वारा किया गया निर्णायक मंडल में डॉक्टर आर पी सिंह डॉक्टर एस के हसन,डॉक्टर आशुतोष गुप्ता एवं आशुतोष राव उपस्थित रहें संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को सरकार करने में स्मार्ट इंडिया है स्थान की महत्वपूर्ण भूमिका बताई है उन्होंने कहा कि छात्रों को इसमें भाग लेकर अपनी रचनात्मकता को बढ़ाना चाहिऐ ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर वे विकसित भारत के दृष्टिकोण में सक्रिय रूप से योगदान दे सकते हैं इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में छात्रा की मौत



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ चौकी अंतर्गत बरहुआ गांव निवासी अंकिता यादव ( 22 ) स्कूल जाने के लिए सड़क पार कर ही थी कि इस दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित स्विफ्ट डिजायर जो कि संतकबीरनगर से गोरखपुर की ओर जा रही कार नें ठोकर मार दी। अंकिता की मौके पर ही मौत हो गई। इतने में ही कार की गति तेज होना के नाते डिवाइडर से टकरा गई जिससे कि कार के परखच्चे उड़ गए इस घटना को देख कर वहाँ भारी भीड़ जमा हो गइ मौके पर ग्रामीणों नें कार सवार को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया चौकी इंचार्ज पिपरौली रुपेश पाल सिंह नें सिपाहियों के साथ जमा भीड़ को हटाकर रास्ता चालू कराया शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है अंकिता के पिता शिव शंकर यादव रो रो कर कह रहे थे पुत्री अंकिता बहुत ही होनहार थी। अंकिता चार बच्चों में सबसे बड़ी थी एक बहन और दो भाई को छोड़ गई।

# गरीबों के आवास केवल सूची पर

## तूफानी बारिश से जगह-जगह कच्चे मकान हुए ध्वस्त

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद में तूफान के साथ आई बारिश ने 24 घंटे के अंदर कहर ढा दिया अनेक क्षेत्रों में कच्चे मकान छत दीवार धराशायी हो गए गरीब किसान बेसहारा लोगों को अभी तक प्रधानमंत्री आवास मुहैया नहीं हो पाया जबकि सूची में पूर्व काल से दर्ज है जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत मंगलपुर टकौली में गरीब मजदूर किसान शारदा पत्नी बैजनाथ के नाम से आवास के लिए आवेदन किया गया था पति दिव्यांग होकर अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर रहा है जहां तेज बारिश के कारण मजदूर के मकान की कच्ची छत भी धराशाई हो गई पीड़ित ने बताया की आवास सूची में नाम होने के बाद भी अभी तक पीड़ित को आवास मुहैया नहीं कराया गया इसी प्रकार बकेवर थाना क्षेत्र के गांव गांग मजरे पहाड़ीपुर में भी एक किसान का मकान धराशाई हो गया किसान कमलेश पुत्र राम सजीवन ने बताया कि कच्ची छत का मकान तेज बारिश के कारण गिर गया ईश्वर की कृपा से कोई भी जन हानि या नुकसान नहीं पहुंचा वही किसान ने क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दी

## पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर पीटा केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के उसरी निवासी सुनीता पत्नी राम नारायण का पट्टीदारों से पुरानी रंजिश चलती है सोमवार को मनबढ़ घर पर चढ़ आए थे। और गाली गलौज करते हुए घर में घुस गए। देवरानी पिंकी बेटे शनि को मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कुलदीप, नीतीश, रुमाली देवी के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# छात्र का अपहरण पिता के मोबाइल से मांगी गई 2.45 लाख रुपए की फिरौती

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के लुचूई निवासी कक्षा 7 के छात्र का अपहरण कर पिता के मोबाइल से 2.45 रुपए लाख रुपए की फिरौती मांगी गई है। इसके बाद स्वजनों के होश उड़ गए और थाने में शिकायत दर्ज कराई। बताते चले कि विकास पुत्र ज्ञान निवासी लुचूई को सेमरा में एक निजी विद्यालय में कक्षा 7 का छात्र है। स्कूल से करीब 1.30 बजे छुट्टी होने के बाद घर आ रहा था। उसे रास्ते में बदमाशो ने अपहरण कर लिया। छात्र के घर न पहुंचने पर स्वजन उसे ढूढना शुरू किए लेकिन पता नही चला। कुछ देर बाद छात्र के पिता के मोबाइल नंबर से किसी ने फोन कर 2.45 लाख रुपए की फिरौती मांगी। इसके बार परिजन के होश उड़ गए। और थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस संदर्भ में एसओ विशाल उपाध्याय ने बताया कि मोबाइल नंबर के आधार पर छात्र का लोकेश लिया जा रहा है। जब मामले का खुलासा हो जायेगा।

## पार्किंग में खड़ी बाइक चोरी, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के केशवाखोर निवासी मोनू कुमार पुत्र भवनाथ जो गीडा सेक्टर 13 के एक कंपनी में कार्य करता है। सोमवार को शाम 7 बजे कंपनी में आया। और पार्किंग में बाइक खड़ा कर कार्य करने चला गया। सुबह जब कंपनी से बाहर आया तो पार्किंग से बाइक गायब थी। खोजबीन के बाद पता नही चला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# नाबालिक साली को अगवा करने वाले जीजा के ऊपर कार्यवाही की मांग

## पीड़ित पिता पहुंचा पुलिस अधीक्षक कार्यालय

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में निवास करने वाले मजदूर ने नजदीकी थाना चांदपुर में लिखित तहरीर देते हुए पूर्व काल में बताया था कि उसकी नाबालिक बेटी को अगवा करते हुए उसके दामाद ने घटना को अंजाम दे दिया जिसमें नाबालिक बेटी के जीजा के परिजन सहयोग में रहे सूचना पाकर चांदपुर थाना अध्यक्ष ने एफ आई आर दर्ज करते हुए खोजबीन प्रारंभ की परंतु कई दिन गुजर जाने के बाद भी नाबालिक बेटी को मौजूद करने में प्रशासन असफल रहा वही पीड़ित पिता ने निराश होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में न्याय की गुहार लगाई तथा आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की

# सोनभद्र में बेटे ने की पिता की हत्या

## कुल्हाड़ी से गर्दन को धड़ से किया अलग, मां-बाप पर जादू टोना करने का शक करता था

अमन लेखनी समाचार



ओबरा, सोनभद्र में भूत प्रेत के चक्कर में बेटे ने पिता की गर्दन काट कर धड़ से अलग कर दी। मामले की जानकारी होने पर पुलिस देर रात मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया। इसके बाद एडिशनल एसपी कालू सिंह और सीओ सिटी चारू द्विवेदी भी मौके पर पहुंचे और आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। चोपन थाना क्षेत्र के कानोपान गांव निवासी रवि खरवार अपने बेटे की बीमारी के लिए अपने माता-पिता पर जादू टोना करने का शक करता था। रविवार को इसी बात को लेकर उसका अपनी मां से विवाद हुआ। बात इतनी बढ़ गई कि रवि ने अपनी मां की लाठी से पिटाई कर दी। इस पर वहां मौजूद उसके 65 साल के पिता परमेश्वर खरवार से भी कहासुनी हो गई। जिसपर रवि ने घर में रखी कुल्हाड़ी से पिता की गर्दन पर कई वार किए। इससे गर्दन धड़ से अलग हो गई। ग्रामीणों और प्रधान प्रहलाद चेरो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। दुर्गम क्षेत्र में स्थित कानून पान गांव की बस्ती में शाम को चोपन थाना प्रभारी विजय चौरसिया, क्राइम इंस्पेक्टर इरफान अली अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए तो पाया कि हत्या के बाद परिवार के सदस्य फरार हैं। वहीं आस पड़ोस के लोगों से पुलिस ने घटना की जानकारी ली। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंच गई और जांच पड़ताल के बाद नमूने लिए। जानकारी के मुताबिक आरोपी रवि खरवार का ढाई साल का बेटा काफी दिनों से बीमार था। उसकी झाड़ फूंक एक ओझा कर रहा था। ओझा द्वारा बताया गया था की मां-बाप द्वारा किए गए जादू टोने की वजह से उसकी तबीयत खराब है। ओझा के कहने में आकर ही उसने पिता की धारदार हथियार से हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। चोपन थानाध्यक्ष विजय चौरसिया ने बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। इस सम्बन्ध में विधिक कार्रवाई की जा रही है। चार दिन पूर्व बुधवार की रात चोपन थाना क्षेत्र के गुरमुरा में हाइवे पर सरेशाम एक किराना दुकानदार की चाकू-गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अभी पुलिस इस वारदात का खुलासा कर पाती, इससे पहले दूसरी हत्या की वारदात ने हड़कंप मचा दिया। ओझाओं

# चुर्क से चोपन जा रही मालगाड़ी डिरेल

- बारिश के चलते पहाड़ का मलबा रेलवे ट्रैक पर गिरा, इंजन और दो डिब्बे पटरी से उतरे

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, सोनभद्र जिले में चुर्क से चोपन की दिशा में जा रही मालगाड़ी तड़के एक बड़ी दुर्घटना का शिकार हो गई। घटना के अनुसार, भारी बरसात के बीच एक पहाड़ी चट्टान का मलबा अचानक रेलवे ट्रैक पर गिर गया, जिससे मालगाड़ी का इंजन और दो डिब्बे पटरी से उतर गए। यह हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ। दोपहर से सोनभद्र में रुक-रुक कर बारिश हो रही थी, जिसके कारण पहाड़ी क्षेत्र में मलबा गिरने की आशंका थी। सोमवार की भोर में जैसे ही मालगाड़ी चुर्क रेलवे स्टेशन से निकलकर ब्रह्मा बाबा पुल के पास घाघर नदी के पोल संख्या 159/21 के पास पहुंची, अचानक एक पहाड़ी चट्टान खिसक गई और ट्रैक पर गिर गई। इससे मालगाड़ी के इंजन और दो डिब्बे प्रभावित हो गए और मालगाड़ी वहीं खड़ी हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे विभाग में हड़कम्प मच गया। मौके पर रेलवे के मंडल चीफ हिमांशु सहित अन्य अधिकारी पहुंच गए और ट्रैक को साफ करने का काम शुरू कर दिया। रेलवे अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही ट्रैक को बहाल कर दिया जाएगा और रूट को फिर से चालू कर दिया जाएगा। हादसे के कारण कई ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ा है। डाउन त्रिवेणी एक्सप्रेस को चुनार रेलवे स्टेशन पर रोका गया है, जबकि जम्मूतवी एक्सप्रेस (अप) को गढ़वा रेलवे स्टेशन (झारखंड) से रूट डायवर्ट किया गया है। रेलवे विभाग ने ट्रैक को जल्द से जल्द दुरुस्त करने और यातायात को सामान्य स्थिति में लाने के लिए कर्मचारियों की एक बड़ी टीम मौके पर तैनात की है।

# खेत गई महिला के साथ हुआ बलात्कार

अमन लेखनी समाचार

जाफरगंज, फतेहपुर। देश एवं प्रदेश में महिला सुरक्षा के लिए वर्तमान सरकार ने अनेकों कानून बनाए परंतु इसके बाद भी महिला समाज सुरक्षित नहीं हो पा रहा जगह-जगह दरिंदे महिलाओं को अपना शिकार बनाते हुए घटना को अंजाम दे रहे हैं जनपद के जाफरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों से अरदास लगाते हुए अपना दुख दर्द बयां किया जहां महिला ने दबंग ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह गौतम उर्फ कल्लू पुत्र शिवाधार के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया कि महिला अपने खेतों पर गई थी जहां पहले से घात लगाए बैठे युवक ने महिला के साथ छेड़छाड़ करते हुए बलात्कार किया घटना को अंजाम देते समय महिला का पति मौके पर पहुंचा जिसे देख युवक मौके से भाग खड़ा हुआ वहीं रोती बिलखती महिला ने पुलिस प्रशासन को सूचना दी जहां स्थानीय पुलिस प्रशासन ने महिला की बात को नजरअंदाज कर दिया और महिला की सुनवाई नहीं हुई जिससे महिला न्याय के लिए उच्च अधिकारियों के पास पहुंची विश्वसनीय सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह गौतम एक दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसके स्थानीय थाना अंतर्गत कई मामले पूर्व काल से भी पंजीकृत है देखना यह कि ऐसे जघन्य अपराध करने वाले अपराधी को प्रशासन कब तक नजर अंदाज रखेगा

# खुर्जा में प्रशासन ने बकाया वसूली के लिए की कार्रवाई

- बकाया वसूली के लिए बजवाई डुगडुगी, प्रशासनिक टीम ने कराई मुनादी

अमन लेखनी समाचार



खुर्जा, जिला बुलंदशहर की खुर्जा तहसील में जिलाधिकारी के निर्देश पर मुंडाखेड़ा चौराहा स्थित मीट फैक्ट्री संचालक के आवास के बाहर तहसील की टीम ने मुनादी कराते हुए बकाया भुगतान देने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने यह कदम बकाया राशि की तात्कालिक वसूली के लिए उठाया है और आगामी अचल संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की चेतावनी दी है। एसडीएम खुर्जा, दुर्गेश सिंह ने बताया कि बकायेदारों के खिलाफ जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन ने वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने जानकारी दी कि बरकत फ्रोजन फूड नामक मीट फैक्ट्री पर बिजली बिल का बकाया 60 लाख रुपए है, जबकि हाजी इरफान पर बैंक का 8 रुपए बकाया है।

प्रशासन ने इन दोनों स्थानों पर डुगडुगी बजवाते हुए बकाया राशि जल्द जमा करवाने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम खुर्जा ने बताया कि मीट फैक्ट्री मालिक ने 20 लाख रुपए जमा कराए हैं, और अभी भी 40 लाख रुपए बकाया है।

# बच्चों को जिंक ओआरएस देकर दस्त से होगा महाबचाव

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। डायरिया नेट जीरो के तहत मौदहा ब्लॉक के भैंस्ता ग्राम पंचायत में रैकिट इंडिया और डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम डायरिया नेट जीरो के अंतर्गत गुलाबी दीदी हूरबानो ने समूह सखी मीना देवी के घर पर समुदाय की बैठक आयोजित की। कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्री नीलम पत्नी अरविंद, रानी पत्नी अखिलेश, अनीता पत्नी नरेश, संपत पत्नी जगराम, दुलारी पत्नी लल्लू आदि को जागरण पहल के कार्यक्रम डेटॉल डायरिया नेट जीरो के अंतर्गत 0 से 5 साल तक के बच्चों में होने वाले दस्त के बचाव और जिंक ओआरएस तथा रोटावायरस टीकाकरण की उपयोगिता पर जानकारी दी गई। स्वच्छ जल, सुरक्षित शौचालय, स्तनपान, टीकाकरण, एवं 20 सेकंड तक साबुन से हाथ धोने को डेमो के माध्यम से समझाया गया। साथ ही महिलाओं को इस संदेश को अपने आसपास स्थानीय महिलाओं को साझा करने के लिए प्रेरित कर विश्व स्वास्थ्य संगठन के सात सूत्रों पर विस्तार से जानकारी दी गई। बीसी सत्येन्द्र अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ रहेगा इण्डिया तो स्वस्थ बनेगा इण्डिया नारा तभी सार्थक होगा जब हम अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखेंगे। इसके लिये दैनिक घरेलू साफ सफाई कार्य निपटाने के बाद हाथों को अच्छे से धोने को अपनी नियमित आदतों में शामिल करें। बताया कि मौदहा ब्लॉक की चिन्हित 50 ग्राम पंचायतों के अधिक से अधिक घरों तक पहुंचकर स्वस्थ समाज की स्थापना के लिए ग्रामीण महिलाओं को जनजागृति अभियान में शामिल करते हुए सामाजिक सहसभागिता से अच्छे स्वास्थ्य के लिए जनजागृति अभियान के माध्यम से महिलाओं मे एकदूसरे को प्रेरित करने की भावना बने। जिससे सभी की महत्वपूर्ण सहभागिता से कार्यक्रम सफलता को प्राप्त कर सकेगा।

# 24 घंटे में पागल कुत्तों ने बच्चों समेत 12 लोगों को काटा

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी /प्रदेश के कई जिलों में जंगली जानवरों के हमलों के बीच अब आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ने लगा है। जगदीशपुर कस्बे में पिछले 24 घंटों में आवारा कुत्तों ने एक दर्जन से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया। सभी घायलों का इलाज जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में किया गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र में लगातार हो रहे इन हमलों ने स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना दिया है। डॉक्टरों के अनुसार मंगलवार को सुबह से शाम तक कुत्तों के हमले में सात लोग घायल हुए, जबकि देर शाम पांच और लोग इसी कारण घायल हुए। सभी घायलों को उचित इलाज और इंजेक्शन दिया गया है।प्रभागीय वन अधिकारी रणवीर मिश्र ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है, लेकिन यदि ऐसा है तो जांच के लिए टीम मौके पर भेजी जाएगी।

# अमेठी में लोगों पर जंगली जानवर ने किया हमला

## किशोरी और बुजुर्गों समेत 6 घायल, सियार जैसा दिख रहा था जानवर





घायल युवक

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी में जंगली जानवरों के हमले बढ़ते जा रहे हैं। आज सुबह खेतों की तरफ गए ग्रामीणों पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जंगली जानवर के हमले में आसपास के तीन गांव के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। आनन-फानन में सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल और संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सभी का इलाज हुआ।

घायलों के मुताबिक जिस जानवर ने हमला किया वह सियार की तरह दिख रहा था, लेकिन सियार नहीं था। फिलहाल घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग और स्थानीय पुलिस इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है।पूरा मामला मुंशीगंज थाना क्षेत्र के पनियार पावर हाउस के पास स्थित तीन गांवों का है। यहां आज सुबह आसपास के गांव तुलसीपुर कोरारी लक्षन शाह, चेतराम पांडे का पुरवा और पनियार गांव के ग्रामीण खेतों की तरफ गए थे तभी सुबह करीब साढ़े पांच बजे अचानक जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जंगली जानवर के हमले में एक किशोरी समेत 6 लोग घायल हो गए।आनन फानन में परिजनों द्वारा सभी घायलों को मुसाफिरखाना सीएचसी, भेटुआ सीएचसी और संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सभी का इलाज हुआ। जंगली जानवर के हमले में अभय नारायण शर्मा पुत्र राम प्रसाद कोरारी लक्षन शाह, गुड़िया (20) पुत्री राम अवध निवासी जया का पुरवा, राम सुमेर (45) पुत्र राम केदार निवासी तुलसीपुर, बदलू यादव (62) पुत्र महावीर चेतराम पांडेय का पुरवा, राजकुमार (55) पुत्र हीरालाल पनियार चौराहा, इंद्रपाल यादव (65) पुत्र रामदास पनियार, वैद्यनाथ पनियार (70) घायल हो गए।

### वन विभाग की टीम ने चलाया सर्च ऑपरेशन

घटना की जानकारी मिलते ही मुंशीगंज पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है लेकिन अभी जंगली जानवर का सुराग नही मिल पाया है। डीएफओ रणवीर मिश्र ने कहा कि टीम को मौके पर भेजा गया है। इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है जल्द ही हमला करने वाले जानवर को पकड़ किया जाएगा।

# पूर्व शिक्षक मोतीलाल विश्वकर्मा के निधन पर जताया शोक

### शोकसभा में दी गई श्रद्धांजलि

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**

गरौठा, झांसी। क्षेत्र में शिक्षा व विकास की ज्योति को जगाने बाले पूरी जिन्दगी अन्याय के खिलाफ हर दबे कुचले को न्याय दिलाने बाले गरौठा को तहसील और नगर पंचायत बनाने के लिए मुख्य किरदार की भूमिका निभाकर पूरे क्षेत्र में मोती बिखेरने के लिए प्रयासरत रहे एडीओं पंचायत विनीत विश्वकर्मा व सुशील कुमार विश्वकर्मा के पिता मोतीलाल विश्वकर्मा पूर्व शिक्षक अखंडानंद जनता इंटर कॉलेज गरौठा, पूर्व उप चैयरमैन नगर पंचायत गरौठा का 16 सितंबर को निधन हो जाने पर उन्हें पूरे क्षेत्र में जगह-जगह लोगों ने शोकसभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कस्बा गरौठा में आयोजित शोक सभा में नितिन मिश्रा गोविंद नारायण गुप्ता, देवेंद्र गौतम, अनुराग उपाध्याय, दीपेंद्र परिहार, आकाश गुप्ता, पंकज गुप्ता आदि लोगों ने शोक जताया।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

## किसानों की समस्या व निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश






**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। किसान दिवस के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी किसान बन्धुओं को उपलब्ध कराई गई तथा किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती के बारे में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी दी गई। किसान दिवस में जनपद के प्रगतिशील किसानों ने भी अपने-अपने विचार साझा किए तथा बताया कि कैसे उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर खेती की और अच्छा मुनाफा कमाया। किसान दिवस में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की किसानों से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को दिया जाए। उन्होंने किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि शासन द्वारा कृषि, मत्स्य, उद्यान, पशुपालन आदि विभागों में कई सारी जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं जिनका लाभ आप लोग लेकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई/नलकूप सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान बंधु मौजूद रहे।

# अतिवृष्टि से किसानों के खरीब की फसलों का विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**अमन लेखनी समाचार**

राठ, हमीरपुर। जनपद में बीती रात्रि हुई मूसलाधार बारिश से किसानों की फसलो को भारी नुकसान हुआ है।किसानों की चौपट हुई फसलों के आंकलन हेतू जनपद की जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती संतराम राजपूत व राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने खेतो में पहुँच निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने फसलों में मूसलाधार बारिश से हुई छति का आंकलन कर किसानों को ढाढस बधाया तथा मुख्यमंत्री से मिल किसानों की फसलो में हुई छति का मुआवजा दिलाए जाने की बात कही।इस दौरान उन्होंने कहा कि बीती रात्रि से आज सुबह तक हुई मूसलाधार बारिश से समुचे जनपद क्षेत्र के किसानों की सैकड़ो एकड़ भूमि में खड़ी खरीफ की फसल पूर्णतया बर्बाद हो गई है।निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र के ग्राम ममना, पुरैनी, बीलपुर, रहांटिया, मसीदन सहित आधा दर्जन से अधिक गांव के किसानों के खेतों का स्थलीय निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने किसानों को मुख्यमंत्री से मिलकर उनकी बर्बाद हुई खरीफ की फसल का मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया है।

# श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी, एक मजदूर की मौत

## 8 लोग जिला अस्पताल में एडमिट





**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी श्रद्धालुओं से भरी पिकअप गाड़ी पलटने से एक मजदूर की मौत हो गई। एक गंभीर सड़क हादसे में तेज रफ्तार श्रद्धालुओं से भरी पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई।इस हादसे में जल जीवन मिशन के तहत काम कर रहे एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई, जबकि पिकअप में सवार एक दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए।

घटना गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के सैठा चौराहे के पास आज शाम करीब 4 बजे हुई। श्रद्धालु कड़े मानिकपुर धाम से गंगा स्नान कर वापस लौट रहे थे जब उनकी पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। पिकअप गाड़ी सड़क किनारे काम कर रहे मजदूर पर पलटी, जिससे उसकी तुरंत मौत हो गई।

घायलों में से आठ श्रद्धालुओं का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है, जबकि कुछ का इलाज सैठा पीएचसी में किया जा रहा है। घायलों की पहचान सीताराम (60 वर्ष), कौसल्या (40 वर्ष), सोनाली (7 वर्ष), सुमन (17 वर्ष), सीमा (22 वर्ष), रामपति (60 वर्ष), राज (17 वर्ष), सिवपता (75 वर्ष) हैं।

### सीएमओ, सीओ और एसडीएम रहे मौजूद

पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद सभी घायलों को एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया। मृतक मजदूर रायबरेली जिले के नसीराबाद थाना क्षेत्र के संडहा परैया गांव का निवासी था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सूचना दे दी है। अस्पताल में सीएमओ, सीओ और एसडीएम भी उपस्थित हैं, जो घायलों के उपचार की निगरानी कर रहे हैं।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा कंस मेला का निरीक्षण कर देखी सुरक्षा व्यवस्था



**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा। जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा द्वारा मौदहा क्षेत्र अन्तर्गत हो रहे कंस मेला का निरीक्षण कर मेला कमेटी के सदस्यों से वार्ता की गई। साथ ही मेले में पैदल गस्त कर आम जनमानस से वार्ता कर सुरक्षा भाव का एहसास कराया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मेला में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस बल के सहयोग के लिए अपील की। मेला के दौरान यातायात सुचारू रखने के लिए विशेष यातायात व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर मेला में विशेष सुरक्षा व्यवस्था हेतु उपजिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा , क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु कृष्णकांत त्रिपाठी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# महाराजा सुहेलदेव पासी के स्मृति द्वार पर शुरू हुई सियासत

## पासी समाज ने मुख्यमंत्री को संबोधित एसडीएम को सौंपा, ज्ञापन






**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी के जगदीशपुर में भाजपा विधायक द्वारा लगवाया गया महाराजा सुहेलदेव पासी स्मृति द्वार पर सियायत शुरू हो गई है। कुछ दिन पहले एक युवक द्वारा विधायक के फोन पर धमकी भरा मैसेज भेजा गया और क्षत्रियों के इतिहास से छेड़छाड़ करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी तो अब जिले का पासी समाज भी विधायक के पक्ष में उतर आया है। आज बड़ी संख्या में पासी समाज के लोगों कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर नाम में किसी प्रकार की बदलाव न करने की मांग की।दरअसल, कुछ दिन पहले जगदीशपुर से विधायक और पूर्व मंत्री सुरेश पासी ने कंजास गांव के बाहर लगे महाराजा बिजली पासी स्मृति द्वार का उद्घाटन किया था। स्मृति द्वारा लगने के बाद एक युवक द्वारा विधायक के फोन पर धमकी भरा मैसेज भेजा गया और कहा गया कि क्षत्रिय सम्राट सुहेलदेव वैश की जाति विधायक बदल रहे है।मैसेज में अंजाम भुगतने की बात भी कही गई। अब भाजपा विधायक के पक्ष में जिले का पासी सामाज भी उतर आया है

### भाजपा विधायक के पक्ष में जिले का पासी सामाज

विधायक इतिहास पढ़े और बोर्ड को हटाए अन्यथा पार्टी के साथ साथ आपका नुकसान हो जाएगा। मैसेज में अंजाम भुगतने की बात भी कही गई।आज बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुँचे पासी समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।ज्ञापन में महाराजा सुहैल देव पासी ने नाम मे किसी प्रकार का बदलाव न करने की मांग की गई।ज्ञापन देने वाले श्रीराम बैरागी पासी ने कहा कि महाराजा सुहैलदेव पासी बहराइच के चक्रवर्ती राजा थे और इन्होंने बहराइच में आक्रमणकारी गजनवी के सेनापति सैयद सलार मसूद गाजी को मारा था। पासी समाज के लोग इन्हें अपना वंशज मानते है। आज भी बहराइच में महाराजा पासी का किला है। अभी कुछ दिन पहले कुछ लोगो द्वारा नाम के बदलने को लेकर ज्ञापन दिया गया था, लेकिन उसमे किसी प्रकार का बदलाव न किया जाए।

# अटारी ढहने से मलबे में दबकर महिला की मौत

### पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमन लेखनी समाचार**

राठ, हमीरपुर। जिले में रात भर हुई मूसलाधार बारिश से कच्चा मकान ढह गया। एसके नीचे सो रही महिला की मलबे के नीचे दबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जरिया थाने के इटैलिया बाजा गांव निवासी वीरपाल राजपूत ने बताया कि मंगलवार रात को खाना खाकर पत्नी मानकुंवर (58) के साथ अटारी से सो रहे थे।तभी रात ढाई बजे बारिश के चलते अटारी भरभरा कर मानकुंवर की चारपाई पर गिर गई। इससे मलबे में दबकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से शव को मलबे से बाहर निकाला गया। मृतका अपने पति के नाम दस बीघा खेती में पति के साथ हाथ बंटाती थी। मां की मौत पर बेटे



मानसिंह व प्रमोद कुमार का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर राजस्व विभाग व पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की जांच की। जरिया प्रभारी भरत कुमार ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# झांसी में पीडब्लूडी विभाग के जेई पर सड़क निर्माण में लापरवाही का आरोप

### नयी सड़क के साइड में नाली न बनने से लोगों के घरों में घुसा पानी, हुआ भारी नुकसान

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा, झांसी। जिला झांसी के कस्बा गरौठामें है गरौठा से भसनेह संपर्क मार्ग तक नई सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण के पहले इंजीनियर द्वारा एस्टीमेट तैयार करते समय बस्ती में दोनों और पानी की निकासी का ध्यान नहीं रखा गया जिससे वहां रहने वाले आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मुहल्ला वालो ने आरोप लगाया कि कस्बा के अंदर बनने वाले इस सीसी रोड के दोनों ओर विभागीय इंजीनियर की लापरवाही के कारण नाली नही बनायी गई। रात्रि में बारिश होने पर सड़क ऊंची होने के कारण सड़क का पानी लोगों के घरों में घुस गया जिससे कई लोगों का भारी नुकसान हो गया।मोहल्ला के कुछ लोगों ने यह भी कहा कि नगर पंचायत द्वारा बनाई गई पुरानी नाली पर कुछ लोगों ने मिट्टी भरकर कब्जा कर लिया है अब दोनों तरफ नई नाली का निर्माण होना चाहिए।वही सड़क निर्माण में एक और बड़ी लापरवाही देखने को मिली सी सी रोड पर लगे बिजली के खम्बे दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे है।

नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा एवं तहसीलदार मदन मोहन गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर लोगों की समस्या को समझा तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। अब देखना यह है की नई नाली का निर्माण होता है या पुरानी नाली से अतिक्रमण हटवाया जाता है या मामले को ठन्डे बस्ते में डाल दिया जाता है।

# हमीरपुर के चार शिक्षक आरआर एडूलीडर्स यूपी अवार्ड से हुये सम्मानित

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आरआर एडूलीडर्स यूपी अवार्ड 2024 के लिए चयनित शिक्षकों का सम्मान समारोह एडूलीडर्स यूपी के संस्थापक डा. सर्वेष्ट मिश्र एवं हेमा फाउंडेशन के महेंद्र काबरा के सहयोग से ग्रेटर नोएडा में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस अवार्ड के लिए प्रदेश के 87 शिक्षकों मे से हमीरपुर के चार शिक्षकों का चयन किया गया था। चयनित शिक्षकों को गत 16 सितंबर को ग्रेटर नोएडा में आयोजित एक भव्य समारोह में अभिनेता मनोज जोशी, राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, महेन्द्र काबरा, विजयम रवि, हरीश द्विवेदी, डा. चीनू, डीआईओएस धर्मवीर एवं बीएसए राहुल पवार एवं सर्वेष्ट मिश्र द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिसमें हमीरपुर से पवन कुमार पाल, सत्यवंत विश्वकर्मा, हरीशंकर व सत्येन्द्र कुमार को सम्मानित किये जाने से जनपद के शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कन्या जन्मोत्सव का आयोजन






**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जिला अस्पताल असैदापुर गौरीगंज में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। नवजात जन्मी 5 बेटियों के अभिभावकों/महिलाओं को बेबी किट देकर वन स्टॉप सेन्टर की केन्द्र प्रबंधक गायत्री देवी ने महिलाओं को सम्मानित किया और बेटी के जन्म पर सभी परिवार को शुभकामनाएं दी साथ ही बेटियों को हर क्षेत्र में बढ़ने की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम में काउंसलर किरन सिंह द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की विस्तार से जानकारी दी गई एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में आवेदन के लिए प्रेरित किया गया। गायत्री देवी ने बच्चियों के टीकाकरण एवं उचित देखभाल के लिए बताया क्योंकि बेटियां प्रकृति का अमूल्य उपहार है।इस कार्यक्रम में वन स्टॉप सेन्टर से केन्द्र प्रबंधक गायत्री देवी , काउंसलर किरन सिंह, नर्स शन्नो, अंजली उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# 'द ट्रेटर्स' शो की शूटिंग कर रहे हैं करण जौहर...

**मुंबई।** करण जौहर अपने आगामी शो 'द ट्रेटर्स' की शूटिंग में बिजी हैं। इस शो के लिए जैसलमेर में शूटिंग हो रही है। अमेरिकन शो की तर्ज पर ये इंडियन शो बनाया जा रहा है। इस शो को लेकर पहले चर्चा हो रही थी, अब करण जौहर ने इस शो को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट की है। 'द ट्रेटर्स' शो प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। फोटो शेयर कर उन्होंने लिखा, 'यह बहुत ही खतरनाक है, आप एक आंख खुली रखकर सोएंगे। करण जौहर की इस पोस्ट पर प्रशंसकों ने कमेंट किया है। क्या वेब सीरीज आ रही है?' दूसरे फैन ने कमेंट किया, 'बदला लेने का समय आ गया है चलो चलते हैं यार!'

लाइफ Style

# करीना

## 25 वर्षों में की कई सफल फिल्में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री करीना कपूर खान को सिनेमा में योगदान के लिए उनके नाम पर एक फिल्म फेस्टिवल की घोषणा की गई है। यह मल्टी-सिटी फिल्म फेस्टिवल अभिनेत्री के शानदार करियर को समर्पित होगा और बड़े पर्दे पर उनकी कुछ चुनिंदा फिल्में दिखाई जाएंगी।

अभिनेत्री करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर उनके लिए समर्पित फिल्म फेस्टिवल को लेकर उत्साह जताया। करीना ने कहा, 'मेरी रगों में खून, स्क्रीन पर जादू... मेरा काम जिसे मैं प्यार करती हूं... अंदर की आग... अगले 25 के लिए। इस खूबसूरत फेस्टिवल को क्यूरेट करने के लिए पीवीआर सिनेमा और आईनॉक्स को धन्यवाद। बहुत आभारी हूं।'करीना कपूर ने फिल्म फेस्टिवल का ट्रेलर भी साझा किया। इसमें करीना के किरदारों की क्लिप शामिल हैं, जिसमें 'जब वी मेट' की गीत और 'कभी खुशी कभी गम' से 'पू' शामिल हैं। हाल ही में, करीना कपूर खान की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म में अपनी भूमिका के लिए करीना को खूब सराहना भी मिल रही है। इस फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है। करीना ने अपने करियर की शुरुआत साल 2000 में आई फिल्म 'रिफ्यूजी' से की थी। इस फिल्म से अभिषेक बच्चन ने भी डेब्यू किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल हुई थी। अपने 25 साल के करियर में करीना ने 'चमेली', 'कभी खुशी कभी गम', 'जब वी मेट', 'तलाश', 'ऐतराज', 'क्रू' और 'जाने जान' जैसी कई फिल्मों में काम किया है।



हॉलीवुड मसाला




# गाना चोरी करने का लगा आरोप

**लॉस एंजिल्स।** संगीत की दुनिया में अक्सर किसी ना किसी संगीतकार पर चोरी का आरोप लगता रहता है। अब इसी सिलसिले में एक नाम और जुड़ गया है। जानी-मानी गायिका माइली साइरस पर भी ऐसा ही आरोप लगा है और वो भी उस गाने को लेकर, जिससे उन्होंने ग्रैमी जीता था। माइली साइरस पर आरोप है कि उन्होंने अपने गाने फ्लावर्स को ब्रूनो मार्स के एक लोकप्रिय गाने की नकल करके बनाया है। मालूम हो कि माइली ने इस साल 'फ्लावर्स' के लिए सर्वश्रेष्ठ पॉप सोलो प्रदर्शन के लिए अपना पहला ग्रैमी पुरस्कार जीता था।



# ओटीटी पर धूम मचाएगी डेडपूल एंड वूल्वरिन...

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की डेडपूल और वूल्वरिन ने रिलीज के बाद बड़े पर्दे पर खूब धमाल मचाया। यह अब तक की सबसे अधिक कमाई करने वाली आर-रेटेड फिल्म है। वहीं, 2024 की दूसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बनकर इस फिल्म ने खास रिकॉर्ड अपने नाम किया था। सिनेमाघरों में करोड़ों रुपए छापने के बाद अब यह फिल्म डिजिटल रिलीज के लिए तैयार है। मीडिया रिपोर्ट्स के दावों की मानें तो फिल्म 1 अक्टूबर से प्रीमियम वीडियो ऑन डिमांड (पीवीओडी) पर अंग्रेजी में उपलब्ध होगी। वहीं, अक्टूबर के अंत तक डिज्नी प्लस पर इसकी स्ट्रीमिंग तेलुगु और अन्य भारतीय भाषा के संस्करण में शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि, इसको लेकर अभी तक कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



# 10 साल पहले ठुकरा दी थी शाहरुख की फिल्म

**मुंबई।** अभिनेत्री नयनतारा अपनी फिल्मों और निजी जिंदगी को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने फिल्म 'जवान' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म 'जवान' से पहले उन्हें हिंदी फिल्म में काम करने का मौका मिला था, जिसे अभिनेत्री ने नकार दिया था। खास बात यह है कि इस फिल्म में भी उन्हें शाहरुख खान के साथ ही काम करने का मौका मिला था। इस फिल्म के ठीक 10 साल बाद ही नयनतारा ने शाहरुख खान के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया है। रोहित शेट्टी ने खुद फिल्म 'चेन्नई सुपर किंग्स' के लिए नयनतारा को ऑफर दिया था। इस ऑफर को नयनतारा ने नकार दिया था। फिल्म के गाने 'एक दो तीन चार' में कुछ खास सीन करने के लिए नयनतारा को रोहित शेट्टी ने यह ऑफर दिया था। नयनतारा के मना करने के बाद रोहित शेट्टी ने प्रियमणि को कास्ट किया था।



# पंकज ने बेटे को बताया बेहतरीन अभिनेता

**मुंबई।** पंकज कपूर ने अपने बेटे और बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें अपनी पीढ़ी का सबसे बेहतरीन अभिनेता बताया और उनके करियर के दौरान सोच-समझकर फिल्म चुनने में उनकी प्रशंसा की। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि मुझे शाहिद को इस समय जिस मुकाम पर देखकर बहुत गर्व महसूस होता है, पिछले 20 सालों में उन्होंने जिस तरह की सोच दिखाई है और फिल्मों के चयन के मामले में उन्होंने जो फैसले किए हैं, उसे देखकर मैं बहुत गौरवान्वित महसूस करता हूं। उन्होंने एक खास तरीके से शुरुआत की थी, लेकिन आज वे जिस तरह की सिनेमा कर रहे हैं, मुझे कहते हुए गर्व हो रहा है कि वे अपने आयु वर्ग में इस देश के सबसे बेहतरीन अभिनेता हैं। पंकज ने अपने सभी बच्चों - शाहिद, रूहान और सनाह पर गर्व व्यक्त किया।

टीवी मसाला



# अमिताभ ने गाया परदेसिया... सोनू-श्रेया के साथ मिलाए सुर

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी 16) के मंच पर अपनी गायकी का जलवा बिखेरेंगे। बॉलीवुड के सुपरस्टार अपने शो में गायक सोनू निगम और श्रेया घोषाल को होस्ट करेंगे और इसका एक प्रोमो जारी किया गया है। प्रोमो में, सोनू और श्रेया ने मंच पर उनकी फिल्म मिस्टर नटवरलाल का एक हिट गाना 'परदेसिया' गाया। इस प्रोमो में आप देख सकते हैं कि अमिताभ भी सोनू और श्रेया के साथ सुर मिलाते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो केबीसी का है। हालंकि, अभी एपिसोड का प्रोमो आया है पूरा एपिसोड 20 सितंबर की रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर आएगा। मिस्टर नटवरलाल 1979 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और रेखा ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं और यह उस साल की सबसे लोकप्रिय फिल्मों में से एक थी। केबीसी के प्रोमो में, सोनू ने बिग बी को अपने साथ गाने के लिए बुलाया और अभिनेता ने बिना किसी देरी के दोनों सिंगर्स को ज्वाइन किया, जब अमिताभ गाने गा रहे थे, तब सोनू ने उनके लिए माइक थामा। दर्शकों और श्रेया ने उनका उत्साह बढ़ाया।

## सुमोना को प्रोत्साहित करते नजर आए विक्रांत

**नई दिल्ली।** 'खतरों के खिलाड़ी 14' अब अपने आखिरी पड़ाव पर है। शो में एक अलग मोड़ लाने के लिए दोस्तों और परिवार के संदेशों को दिखाकर प्रेरित करने की योजना बनाई है। शो में कंटेस्टेंट सुमोना चक्रवर्ती भी हैं।



विक्रांत मैसी उनके अच्छे दोस्त हैं। इस शो में सेमीफाइनल से पहले सुमोना के लिए विक्रांत मैसी ने एक खास मेसेज भेजा है। विक्रांत ने सुमोना से कहा कि हाय सुशी क्या हाल हैं। इस पर सुमोना कहती हैं सुशी मत बोलो। विक्रांत आगे कहते हैं तुम्हें सेमीफाइनल तक आने की बधाई, हमें तुम पर गर्व है। हम चाहते हैं कि तुम जीतकर वापस आओ। अभिषेक कुमार और कृष्णा श्रॉफ का प्रोमो शेयर किया है। कुमार को अपने माता-पिता से एक भावनात्मक संदेश मिला, जिसे सुनकर उनकी आंखें नम हो गईं। खबरों की मानें तो खतरों के खिलाड़ी के फाइनल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। सीजन का फाइनल एपिसोड 28 सितंबर को रिलीज होगा।

# भारतीय सिनेमा की इस एक्ट्रेस ने किया 2500 फिल्मों में काम

मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री में ऐसे बिरले ही कलाकार होते हैं जिनके इस दुनिया से कूच कर जाने का दुख न केवल उनके अपनों को हो, बल्कि उनके फैंस, पूरी फिल्म इंड्स्ट्री और फिल्म इंड्स्ट्री से बाहर के लोग भी शोक मनाएं।और, उनकी कमी महसूस करें, हम जिस एक्ट्रेस की आज बात कर रहे हैं वो एक्ट्रेस भी ऐसे ही कलाकारो में शामिल है। जिसने अपने हुनर से फिल्म इंड्स्ट्री को खूब चमकाया और फैंस और दूसरे दिग्गजों की सच्ची मोहब्बत और सम्मान भी कमाया। मलयालम फिल्मों की एक्ट्रेस सुकुमारी अम्मा ऐसी ही एक एक्ट्रेस थीं। जिन्होंने खूब काम किया तो खूब पहचान और रिसपेक्ट भी



हासिल किया, लेकिन दर्दनाक मौत का शिकार हुईं। और, जब इस दुनिया से विदा ली तो हर कोई उनकी कमी महसूस कर रहा था। सुकुमारी अम्मा ने अधिकांश काम मलयालम फिल्मों और तमिल भाषा की फिल्मों में किया। फिल्मी दुनिया में उनका करियर करीब 5 दशक लंबा रहा। इस दौरान वो ढाई हजार के करीब फिल्मों में नजर आईं थीं। उनकी फिल्मों में मलयालम और तमिल फिल्में तो शामिल थी हीं।

### घर के चिराग से आई कयामत

सुकुमारी अम्मा लाखों फैन्स की फेवरेट स्टार थीं। फरवरी 2013 में वो दिल दहलाने वाले हादसे का शिकार हुईं। वो अपने ही घर में शाम को दीपक जला रही थीं। उससे पूरे घर में आग लगी और सुकुमारी अम्मा भी जल गईं। इलाज के दौरान कार्डियक अरेस्ट की वजह से उनका निधन हो गया। उनकी कोस्टार और तमिलनाडू की सीएम जयललीता ने कहा था कि साउथ इंडियन सिनेमा में उनका योगदान अतुलनीय था। केरल के सीएम ओम्मन चैंडी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा था कि उनका जाना एक युग अवसान है। उन्होंने कमल हासन और मोहन लाल जैसे सुपरस्टार्स के साथ भी काम किया था।

# लगान की गौरी का 23 साल में ऐसा बदला लुक, फैन्स रह गए हक्के-बक्के

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने सिर्फ अपनी स्माइल से ही लोगों पर जादू चला दिया था। कोई भी फिल्म हिट कराने के लिए उनकी स्माइल और मासूमियत ही काफी थी। उन्हीं में से एक ग्रेसी सिंह भी हैं।ग्रेसी ने अपने फ़िल्मी करियर में कई मूवीज और शो में काम किया है। उनकी कई फिल्में बेशक फ्लॉप रही हों, लेकिन फैंस को कभी ग्रेसी से शिकायत नहीं रही है, क्योंकि वो अपनी एक्टिंग के साथ मासूमियत से लोगों को दीवाना बना लेती थीं। ग्रेसी ने आफताब शिवदसानी के साथ फिल्म मुस्कान में काम किया था। इस फिल्म के गाने इतने फेमस हो गए थे कि ग्रेसी हर जगह छा गई थीं। ये फिल्म 2004 में आई थी और ग्रेसी के तब और अब के लुक में जमीन आसमान का फर्क आ गया है। ग्रेसी सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अपनी फोटोज वीडियो शेयर करती



रहती हैं। उनके तब और अब के लुक में बहुत अंतर आ गया है। हालांकि, जो नहीं बदला है वो उनकी स्माइल और मासूमियत है। फैंस ग्रेसी के वीडियो पर ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं।एक ने लिखा- मुस्कान मूवी मेरी सिस्टर को बहुत पसंद है, बचपन में उसके लिए सीडी प्लेयर और सीडी किराए पे लिया था। दूसरे ने लिखा- लगान गंगाजल, मुस्कान...सिंपल एक्ट्रेस जिसमें कोई एटिट्यूड नहीं है। एक ने लिखा- अरे मामू जे तो अपनी चिंकी भाभी है। ग्रेसी ने अपने फिल्मी करियर में लाउडस्पीकर, संतोषम, अरमान, देशद्रोही, लगान, अमानत जैसी कई फिल्मों में काम किया है। ग्रेसी ने टीवी सीरियल संतोषी मां में भी काम किया है। इस शो से उन्हें एक अलग पहचान मिली थी। कई लोग उन्हें आज भी संतोषी मां कहते हैं।

## खौफ था ऐसा कि लोग इनको देख कर छुपा लेते थे अपनी पत्नियां

# राज कपूर के साढ़ू भाई 'प्रेम' हैं बॉलीवुड के टॉप विलेन

*मुंबई। दशकों से बॉलीवुड फिल्मों में एक्टिव प्रेम चोपड़ा हिंदी सिनेमा जगत के फेमस विलेन रहे हैं। आखिरी बार वो फिल्म 'एनिमल'में दिखे थे। उनका भी एक जमाना था, जब वो स्क्रीन पर आते थे तो लोगों की रूह कांप जाती थी। वो अपनी एक्टिंग के दम पर हीरो पर भी भारी पड़ जाते थे। 60-70 दशक में इंडस्ट्री में उनका सिक्का चलता था। उनके साथ काम करने के लिए मेकर्स की लाइन लगी रहती थी। 'नाम प्रेम चोपड़ा, प्रेम चोपड़ा नाम है मेरा' जैसे डायलॉग से प्रेम चोपड़ा का करियर चल पड़ा था। ऐसे में आज के सिनेग्राम में उनके बारे में बता रहे हैं। वो राज कपूर के साथ रिश्तेदारी के साथ ही आपको उनसे जुड़े एक किस्से के बारे में बता रहे हैं, जब लोग उनसे अपनी पत्नियों को पीछे छुपा लेते थे।*

### असल जिंदगी में पड़े नेगेटिव प्रभाव

दरअसल, प्रेम चोपड़ा ने 60-70 दशक में इतनी फिल्मों में विलेन का रोल किया कि उनका करियर तो हिट रहा मगर इसकी नेगेटिव प्रभाव उनकी असल जिंदगी में पड़े। अधिकतर फिल्मों में प्रेम चोपड़ा के रेप सीन रहे, जिसकी वजह से लोगों में उनका काफी खौफ हो गया था। इसके बारे में प्रेम चोपड़ा ने खुद बताया था। एक बार वो जश्न-ए-रेख्ता प्रोग्राम में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जिंदगी के सफर के बारे में बात की थी। इस दौरान उनसे पूछा गया था कि उनके अभिनय की हर कोई तारीफ करता लेकिन, उनके किरदार कभी किसी को पसंद नहीं आए। इस पर प्रेम चोपड़ा ने बताया था कि वो इंडस्ट्री में हीरो बनने के लिए आए थे।



### हीरो के तौर पर नहीं रहे सफल

करियर की शुरुआत पंजाबी फिल्मों से की थी। हिंदी फिल्मों में आए तो हीरो के तौर पर सफल नहीं रहे। प्रेम चोपड़ा ने आगे बताया था कि बाद में उन्हें नेगेटिव भूमिका करने के लिए मिली तो उनका जादू चल पड़ा। इसी बीच उनसे सवाल किया गया था कि उनकी ऑनस्क्रीन नेगेटिव छवि को गंभीरता से लिया गया तो इस पर उन्होंने रिएक्शन देते हुए हामी भरी थी और कहा था कि ये कई बार होता था जब लोग उन्हें देखते ही अपनी पत्नियों को पीछे छुपा लेते थे। इससे एक्टर को काफी हैरानी होती थी।

### राज कपूर की पत्नी कृष्णा की बहन उमा से की थी शादी

ये तो था उनकी प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ा किस्सा। इसके अलावा उनके बारे में एक और बात बहुत कम ही लोग जानते होंगे कि प्रेम चोपड़ा, राज कपूर के साढ़ू भाई हैं। जी हां, आपने सही पढ़ा। दरअसल, प्रेम चोपड़ा ने राज कपूर की पत्नी कृष्णा की बहन उमा से शादी की थी। इस रिश्ते से प्रेम चोपड़ा, राज कपूर के साढ़ू भाई हुए। उमा और कृष्णा बॉलीवुड एक्टर राजेंद्र नाथ और प्रेम नाथ की बहने हैं। उमा और प्रेम चोपड़ा की तीन बेटियां रकिता, पुनीता और प्रेरणा हैं। बहरहाल, अगर प्रेम चोपड़ा की फिल्मों की बात की जाए तो उन्होंने अपने करियर में 'शहीद' (1965), 'बॉबी' (1973), 'बेताब' (1983), 'गुप्त' (1997) और 'कोई मिल गया' (2003) समेत करीब 380 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है।